ॐ

किताब मुफीद आम मोसुम व

जगत हितकारनी।

अज तसनीफ

साध अनुपदास

मूलवतन मुल्क मारवाड

जिसको

ग्रन्थकर्ता साधु अनुपदासने

खेमराज श्रीकृष्णदासके
बम्बई
खेतवाड़ी, ७वीं गली खम्बाटा लैन,
"श्रीवेङ्कटेश्वर" स्टीम्-मुद्रणयन्त्रालयमें
मुद्रित करवाकर प्रसिध्द किया।
विक्रम संवत् १९६८, शके १८३३
सन् १९१२ - १००० प्रति.

भारत सरकार-काँपी राइट आफिस-रजि. न. एल.-२५१०/६५
न्यू दिल्ली - दिनाँक २५ - ५ - ६५

।। श्री ।।

जगत हितकारनी

इलतमास

यह किताब मैंने फायदा आम के वास्ते मेहनत तमाम और बहुत से रुपये खर्च करके तैयार की है। इस वास्ते सब सज्जनों से यह प्रार्थना है कि इस किताब को तमाम व कमाल व हरूफ ब हरूफ ब गौर तमाम पढ़ें और सोचें, समझें और इन बनियों के जालसे बचें।

।भूमिका।

मैं साधु अनूपदास उस परमात्मा को अनेक धन्यवाद देता हूँ कि, जिसने पहाड़, नदी, नाले, समुद्र आदि अनेक - अनेक आश्चर्ययुक्त इस पृथ्वी को बनाया और मनुष्य, पशु, पक्षी आदि एक से एक विचित्र जीव इसमें उत्पन्न किये। पर उसकी कारीगरी का भेद किसी को मालूम नहीं पड़ा। ऐसी विचित्र सृष्टि में दूसरी विचित्रता क्या देखी कि, सौदागर महाजनान ने ऐसा जाल रच रखा है, कि उसमें जो शख्स फँसता है फिर उसका निकलना मुश्किल हो जाता है। इसलिये मैं दुनिया के हिंदू मुसलमान, फकीर, साधु, संत, महाराजा, राजा, सातों, आठों विलायतों के बादशाह और खासकर दयालु महाराजाधिराज पंचम जार्ज बहादुर की खिदमत में हाथ जोड़कर अर्ज करता हूँ कि जिसको जादूचाला, राक्षसी विद्या या काफिर विद्या और इंद्रजाल कहते हैं, यह महापाप है। इसको पहले रावण ने चलाया था, लोगों की धन दौलत अकाल पड़ा - पड़ा कर अपने काबू में करली थी! फिर राजा हरनाकश, कंस और कारून

बादशाह ने भी इस इन्द्रजाल को चलाकर लोगों को बड़ी तकलीफ दी थी। इन लोगों के पीछे बलराजा और उसके बाद इन बनियों ने इस राक्षसी पाप से काल पड़ाना शुरू किया है। जैसे पहले रावण के वक्त में विभिषण की मदद से शनीश्वर ने इस इन्द्रजाल का पता लगाकर लोगों को आगाह किया था और सब प्रजा को इस जाल से बचने की राह बताई थी, उसी तरह मैंने भी इन सौदागर महाजनान के जाल से बचाने के लिए इस पुस्तक में जो कुछ अर्ज किया है, उसको पढ़कर सब लोग होशियार रहें। कभी इन महाजनान के जाल में न आवें! नहीं तो इनके जाल में फँस जाने से लोगों की बुध्दि भ्रष्ट हो जाती है और लोगों को यह भी पता नहीं लगता कि हमारा नुकसान क्यों हो रहा है और कैसे अच्छा होगा? मैं परम दयालु परमेश्वर तथा प्रजा रक्षक अंगरेज महाराज से फिर भी प्रार्थना पूर्वक कहता हूँ कि आप मुझ गरीब अनुपदास की इस सर्वहितकारिणी प्रार्थना को स्वीकार कर मुझे अनुगृहीत करेंगे।

सर्वहितेच्छु,
साधु अनुपदास।

परमात्मने नमः

हजार - हजार शुक्र, उस ज्योति स्वरूप निरंजन निराकार का है कि जिसने जमीन व आसमान को बनाया और तमाम सृष्टि को पैदा किया, परंतु उसकी कारीगरी का भेद किसी पर जाहिर नहीं हुआ कि क्या भेद है, फिर मेरी जबान से ईश्वर परमात्मा की तारीफ अदा नहीं हो सकती और दूसरा मजमून बतौर समुद्र के है, सो कलम से लिखा जाता है कि जो - २ करतब मैंने इन सौदागर महाजनान के देखे, वोह अजब तरह के नजर आये जिससे मुझ गरीब साध अनुपदास को तमाम जहान के हिंदू- मुसलमान और साध - संत और पण्डित, फकीर और मुल्कों - मुल्कों के राजा -महाराजा और सातों - आठों और सब विलायतों के बादशाह और दीगर अग्रेंज वगैरा की खिदमत में हाथ जोडकर अरज करना लाजिम

आया कि ''जिसको जादूचाला और राक्षस विद्या और काफिर विद्या और इन्द्रजाल कहते हैं वोह एक किस्म का पाप है'' कि जिस तरह से रावण ने चलाया था और मेह और मौत को कब्जे में कर ली थी, पाप के सबब से याने होम करा - २ के बुध्दि भी भ्रष्ट कर दी थी इन्द्रजाल के पाप से और काल वगैरा पड़ा - २ करके लक्ष्मी अपने काबू में करके लंका में ले गया था और उसी तरह से हिरनाकश राजा ने भी चलाया था और उसी तरह से कंस राजा ने भी चलाया था और उसी तरह से कारून बादशाह ने भी चलाया था और रावण, हिरनाकुश, कंस, कारून वगैरा की तरह से बलराजा के बाद से इन सौदागर महाजनान ने भी राक्षस विद्या का पाप चलाया है सो इन बनियों ने भी मेह को और मौत को सहारे करली है और बुध्दि भ्रष्ट करदी है पाप के सबब से कि जिस दिन से इस हिंदुस्तान में काल पड़ाना बलराजा के बाद से शुरू किया है सो इन्होंने भी काल पड़ा

- पड़ा के रावण वगैरा की तरह से लक्ष्मी और धन काबू में कर लिया है और जहाजों में लाद - २ के दरियाओं के पार ले गये हैं जैसे कि रावण लंका में ले गया था उसी तरह से यह बनिये भी दरियाओं के पार ले गये हैं सो यह राक्षसी पाप धन लेने के वास्ते काल पड़ाने का पाप चलाया है सो धन हिंदुस्तान का तो काबू में कर लिया है, परन्तु धन हिंदुस्तान में बहुत था और अलावा इसके दूसरी बादशाहतों में भी बहुत था जिसका सबूत वेद की किताबों में लिखा है कि सतजुग में सोने का ठाट और पाट था और गरीब - गुरबा के घर में सोने - चाँदी के बरतन थे और पग - पग रत्नों की खानें सुनी जाती थीं कि जिसकी कुछ गिनती नहीं हो सकती थी सो राजा -बादशाहों के टोटा किस बात का था? इस सबब से तमाम खलकत को यकीन दिलाया जाता है कि बलराजा के जमाने तक मौजूद होने खानों में सोना - चाँदी वगैरा के सतजुग रहा क्योंकि उस जमाने में

चाँदी - सोने का ठाट और पाट था और धान वगैरा भी बहुत होता था क्योंकि सतजुग में काल वगैरा नहीं पड़ता था इससे धान वगैरा सतजुग में बहुत होता था, जबसे इन महाजनान ने काल पड़ाना शुरू किया है जिस दिन से दिन - २ जमाना बुरा होता जाता है और काल वगैरा यह बनिये लोग नहीं पड़ावें तो सदा सतजुग ही है, परन्तु बलराजा के बाद से जो तरह - २ के रोग और काल वगैरा पड़ाने शुरू किये हैं जब से धन दुनिया का खेंच रहे हैं और सबको निर्धन कर दिया है, बल्कि दिन - २ बुरा होता जाता है सो यह फितूर सौदागरान के राक्षसी पाप का है क्योंकि इन्होंकी दुकानें दूसरी बादशाहतों में पहुँच गई हैं सो अब उनके बाल - बच्चों को गारत करके उनका धन भी काबू में करेंगे, कि जिस तरह से हिन्दुस्तान को गारत कर दिया है उसी तरह से दूसरी बादशाहतों को भी गारत करेंगे और अलावा इसके कि जिन बादशाहों को

महाजनान = बनिये

हिन्दुस्तान में लाना चाहते हैं तो हिन्दुस्थान का लोभ बता - २ के सब बादशाहों को गारत कर देंगे और आप मिले के मिले रहते हैं और हिन्दू - मुसलमानों के बच्चों को दूसरी विलायतों से मरवा देते हैं और अपने बच्चों को बचाये रखते हैं और होले - २ आखीर में सातों - आठों विलायतों को गारत करवा देवेंगे, जैसे कि रावण ने दुनियाँ के गारत करने को जाल चलाया था, कि सब विलायतों में जब थोड़े से आदमी रह जावेंगे जब मेरा चारकुंट में राज हो जावेगा, तो कोई मेरा राज छीन नहीं सकेगा, उसी तरह से इन बनियों ने भी यही सोचकर यह जाल चलाया है और पहले ही सबकी अकल अपने राक्षसी पाप से खराब कर देते हैं, क्योंकि सातों - आठों विलायतों के लोग हिन्दुस्तान के लोभ के वास्ते आपस में लड़ - लड़ के गारत हो जावेंगे जब सातों - आठों और सब विलायतों में आदमी थोड़े रह जावेंगे तो चारकुंट में हमारे बच्चों का राज हो जावेगा तो फिर हमारा

चारकुंट = पृथ्वी चारो दिशा में राज्य करना

राज कोई नहीं छीन सकेगा जब सब विलायतों में आदमी थोड़े रह जावेंगे और यह बनिये यह जानते हैं कि हमारी औलाद ज्यादा रह जावेगी तो फिर हमारा राज कोई नहीं छीन सकेगा, सो तो दुनियाँ में हिन्दुओं में कहते हैं कि ऐसा कलजग आवेगा कि १०० कोस में छोटा सा गावड़ा मिलेगा और मुसलमानों में यह कहते हैं कि १४वीं सदी ऐसा बुरा वक्त आवेगा कि काल वगैरा बहुत होगा और रिजक वगैरा कम होगा सो आदमी को आदमी खाने लगेगा, सो पहले से ही ऐसी -२ बातें दुनियाँ में चला दी हैं सो दुनियाँ में अच्छे -२ बड़े गुणी लोग कहते हैं, सो जैसे दुनियाँ में बुरा होने के पहले से बात चलाई है उसी के मुवाफिक दुनियाँ के नाम का इंद्रजाल का पाप कराते हैं वैसा ही बुरा हो जाता है और यह ऐसी -२ बातें बुरा होने की चलाई तो इन बनियों ने हैं और अगले सती लोगों के सर अपने बचाव के वास्ते रख देते हैं, सो वोह लोग तो हमारे-तुम्हारे मुवाफिक

कोस = दूरी मापने की पुरानी इकाई । कलजग = कलह का युग ।
गावड़ा = छोटा गांव । रिज़क = अनाज, फल, खाने की वस्तु ।

आदमी बन्दा थे क्योंकि रचना तो पैदा करन्ते ने रची है उस पैदा करन्ते ने अपने नाम के वास्ते, क्योंकि वोह तो पैदा करन्ता सब संसार और सब विलायतों के ऊपर दया रखते हैं यह तो काफिरी पाप और इन्द्रजाल का पाप कराने वाले बेईमान पाप कराते हैं जिससे दुनियाँ में बुरा होता है और काफिरी और पाप इन्द्रजाल का पाप दुनियाँ में कई बार चलाया है और दुनियाँ ने दुःख पा - पाकर छोड़ाया है जब दुनियाँ की औलाद बची है और यह कदीमी जाल याने ठेट से बनियों का ही है और बनिये लोगों ने ही चलाया है और रावण, हरनाकश और कंस कारून वगैरा को अपने पाप में से थोड़ा सा सिखा करके इन बनियों ही ने जाल में डाल करके मरा दिये हैं और तमाम कदीमी जाल अपने पास ही रखते हैं और वोह पाप चौड़े नहीं आने देते हैं और इनका जाल पकड़ा नहीं जाता है, इस सबब से दुनियाँ में दुःख रहता जाता है, क्योंकि

कारून = एक बादशाह अरब में हुआ था

कदीमी जाल = आद से राक्षसी पाप । हरनाकश = हिरणाकुश

इनका पाप अलोप है इससे मालूम नहीं हो सकता है और जो मेरे को इन्होंने समामुख कलपाया है जैसे कि रावण ने शनिचर को समामुख कलपाया था और शनिचर को मालूम पड़ी और संसार को वाकिफ किया था, उसी तरह से मेरे को भी समामुख कलपाते हैं जिससे मुझको भी मालूम पड़ी है, जिससे आप लोगों को वाकिफ करता हूँ सो हिन्दुस्थान में रावण, हरनाकुश, कंस, कारून बगैरा ने इन बनियों के शामिल ही जनम पाया था, जब उनको ही खबर नहीं पड़ी तो दूसरी विलायतों के राजा - बादशाहों को क्या खबर पड़ने देंगे और सातों - आठों विलायतों और अंग्रेजों वगैरा के आगे मेरी हाथ जोड़ के अर्ज है कि जब रावण वगैरह को इन बनियों ने खबर नहीं पड़ने दी तो आप लोग तो दूसरी विलायतों के हो, आपको किस तरह से खबर पड़ने देंगे? और मैं इस वास्ते लिखता हूँ कि आप लोग तो सात - आठ विलायतें हो और हिन्दुस्थान एक विलायत है और

शनिचर = शनिचरजी महाराज रामचन्द्रजी के मंत्री थे । अलोप = जिसे देख नही सकते है । समामुख = आमने-सामने ।

यहाँ हिन्दू - मुसलमानों के बच्चे सिवाय इन बनियों के अगर गरीब होकर भी रहेंगे तो जादू से बुध्दि भ्रष्टि करके और आपस में लड़ा करके मार देवेंगे, जब आप लोगों को मालूम होगा कि हिंन्दू - मुसलमान बदमाश हैं और आप लोगों को यह मालूम नहीं कि तमाम संसार की जादू से बनियों ने बुध्दि भ्रष्ट करी है जब भी आप सातों - आठों विलायतों के हाथों से मरवा देंगे, सो आप लोग इन कुलंकियों का जाल छोडाओगे तो आप लोगों की और सबों की औलाद उभरेगी और आपके 'इकबाल, से हिन्दू - मुसलमान की औलाद भी उभरेगी याने सब संसार की और खुद यह बनिये आप लोगों से मिल के मिले रहते हैं और अपने दगा की खबर नहीं पड़ने देते हैं और आखीर में दगा से आप लोगों के बच्चों को भी गारत करेंगे सो इन बनियों ने अपना राज चार कूंट में करने के वास्ते और अपने मतलब के वास्ते यह जाल चलाया है जिससे आप लोगों को हिन्दुस्तान में

कुलंकियों = महापापी । चार कुंट = पूरी पृथ्वी पर -

लाते हैं! सो सातों - आठो विलायतों को आपस में लड़ा - लड़ा कर गारत कर देंगे, फिर यह कुलंकी जब संसार थोड़ा रह जावेगा जब अपना राज करेंगे, जिससे हिन्दुस्तान में दूसरी बादशाहत के लोगों को लाते हैं परन्तु यह जाल इन सौदागर महाजनान ने बलराजा के बाद से चलाया है और दूसरी बादशाहतों को और सातों - आठों और सब विलायतों में राज करने के सबब से, बलराजा के बाद से 'लाने लगे हैं सो उनका भी धन लेने के गरज से और धन का लालच देके, वास्ते राज कराने हिन्दुस्तान में लाते हैं और जब उनका धन ले लेवेंगे फिर उनकी अकल को भी राक्षसी पाप से कैद करके खराब कर देंगे जब खुद ब खुद आपस में लड़कर ही मर जावेंगे, सो ऐसे -२ इन सौदागर -महाजनान ने इस जहांन में जाल चला दिया है और सबसे हिले मिले हैं और रात - दिन गुप्ती पाप कराते हैं जिसकी खबर आप लोगों को अब तक बिलकुल नहीं है; सो आप लोग इस गरीब के

कुंलकी = महापापी, दागी । बलराजा = एक राजा हुआ जिसका इतिहास खत्म कर दिया ।

लिखने पर, गौर फरमाकर और एक दिल होकर इनके राक्षसी पाप को छोडाइये, देखो भाई हिन्दू, मुसलमान, अंग्रेज और सातों - आठों विलायतों के बादशाह सब एक दिल होकर लोभ को छोड़ दो और इन सौदागर महाजनान के जाल की पहचान करो और एक दिल होकर इन्होके राक्षसी पाप को छोडाओ जब तुम्हारे बाल बच्चे बचेंगे, नहीं तो यह सौदागर महाजनान ऐसे हैं कि सबको गारत कर देंगे सो इन्होके ऐसे - ऐसे जाल हैं इस गरज से यह किताब ''जगत हितकारनी, बनाई है कि इन्होके जालों से वाकिफ होकर इनका बन्दोबस्त करो ताकि तमाम लोगों को सुख प्राप्त हो, वरना यह जादूखोरा ऐसे हैं कि सबको आपस में लड़ाकर मार देंगे और धन सातों - आठों बादशाहतों का ले लेवेंगे, क्योंकि पहले जमाने में राजा रावण ने राक्षसी विद्या का पाप चलाया था, उस जमाने में दुनियाँ की थोड़ी - थोड़ी बुध्दि भ्रष्ट हुई थी परन्तु उस जमाने में राजा रावण ने शनिचरजी महाराज को

राक्षस विद्या के पाप से समामुख कलपाया था और तकलीफ दी थी जब शनिचरजी महाराज ने संसार के गारत होने के सबब से विभीषण से इस बात का जिकर किया कि तुम्हारा भाई रावण संसार के नाम का गुप्ती पाप करा रहा है जिससे संसार के लोगों की अकल खराब हो गई है और इसी सबब से तमाम जहान में रोग चाला वगैरा फैले हुए हैं, सो आप मेहरबानी करके इस राक्षसी पाप को अपने भाई रावण से बंद कराओ और जो इस राक्षसी पाप का करना बंद न कराओगे तो रावण के साथ तुम्हारे कुल को भी नुकसान पहुँचाया जावेगा और तकलीफ दी जावेगी, क्योंकि आप रावण के सगे भाई हो और आप लोगों को इनके जालों की अच्छी तरह से वाकिफीयत है, सो बताओ कि कहाँ पर गुप्ती पाप हो रहा है अगरचे आप न बताएँगे तो आयन्दा इसका नतीजा आपके हक में निहायत खराब है, जब शनिचर की विभीषण ने दहशत अंगेज बातों को

समामुख = आमने सामने

सुनकर अपने दिल में विचार किया कि मेरे भाई रावण का जो राक्षसी पाप है वोह शनिचर को कुल मालूम हो गया है, जो इसके बताने में मैने किसी तरह का फरेब रखा तो जरूर मुझको रावण के साथ तकलीफ और नुकसान करा देगा, इस वजह से विभीषण ने अपनी भक्ति का ख्याल करके और ईश्वर और संसार और परमात्मा का ख्याल करके और डर करके अपने भाई रावण का कुल गुप्ती पाप बता दिया, कि जिस कदर रावण कराता था, क्योंकि लंका पेशतर अलोप थी कि जब तक विभीषण ने नहीं बताई थी, परन्तु लंका जब से प्रकट हुई है कि जब से विभीषण ने बताई है, लेकिन जब कि रावण से इस बारे में दरियाफ्त किया गया तो रावण ने अपना राक्षसी पाप, जो कि लंका में रात - दिन कराता था, किसी कदर बताया और किसी कदर नहीं बताया जब शनिचर ने यह देखा कि रावण मेरे से अपने राक्षसी पाप को अलोप रखता है कि जो राक्षसी पाप बाकी रह जावेगा तो हम

फिर पाप कर निकलेंगे और तमाम जहाँन को गारद करके चारकुंट और चौदाभांण में हम अपना राज करेंगे; इस गरज से कुल जाल अपना नहीं बताया कि जो लंका में गुप्ती पाप कराता था, जब शनिचरजी महाराज ने अपने दिल में विचार करके देखा कि जब तक कुल संसार को रावण के राक्षसी पाप की खबर नहीं होगी जब तक राक्षसी पाप छूटना मुश्किल है इस वजह से शनिचर ने रावण के राक्षसी पाप की चरचा कुल जहाँन में कर दिया कि रावण ने राक्षसी पाप के जादू से मेह और मौत को अपने कब्जे में कर रखा है इससे दुनियाँ में दिन - दिन बुरा होता जाता है, इस बात के सुनते ही कुल जहान ने, शनिचर के कहने पर यकीन लाकर एका सब सृष्टि ने किया कि जरूर रावण के घर का राक्षसी पाप है और हम सब लोगों की अकल इसी राक्षसी पाप में कैद हो रहीहै कि जो रावण के राक्षसी पाप को नहीं पहचानते हैं, परन्तु शनिचरजी महराज का जुग - जुग और भौ - भौ

ऐका = संगठन, चौदाभांण = पूरी पृथ्वी पर, मेह = बरसात, चारकुंट = चारो दिशाओं में, भौ-भौ = भव भव

भला हुजीओ कि रावण के राक्षसी पाप को नहीं पहचानते थे, उन्होको वाकिफ करके पहचानवाया, नहीं तो सब लोग अंधों की तरह से थे; और जो रावण ने शनिचरजी को राक्षसी पाप से नहीं कलपाया होता तो रावण जरूर कुलजहान को गारत करके अपना राज कर लेता, परन्तु शनिचरजी महाराज ने अपने ऊपर दुःख पड़ते ही रावण का राक्षसी पाप तमाम जहान में प्रघट कर दिया, जिसके सुनने से सब लोग फौरन समझ गये कि जो लंका में रावण राक्षसी पाप कराता था उसको तमाम खलकत ने एक दिल होकर बिलकुल मिटा दिया, जबसे जहान की औलाद को सुख प्राप्त हुआ है, नहीं तो औलाद दुनिया की नहीं रहती क्योंकि रावण तमाम दुनियाँ को गारत करके सातों - आठों विलायतों को अपने कब्जे में कर लेता और अपना राज करता, जिसका सबूत पुराणों वगैरा से साबित है "बल्कि राक्षसी वेद की किताबें और टीपणा वगैरा चलाये थे और रतनागर सागर के ऊपर

रतनागर सागर = समुन्द्रो के बिच में ।

लंका शहर बसाया था कि जहाँ हजारों कोसों में पानी भरा हुआ पड़ा है'' जिसका हाल पुराणों वगैरा में लिखा है कि रावण ने लंका समुद्र के बीच में आबाद की थी और सुरग - नर्क बनाया था और चौरासी लाख कुण्डियाँ राध लहू की बनाई थी, सो उन कुण्डियों के ऊपर रखेश्वरों के नाम की जिसकी वजह से लंका में कोई नहीं जा सकता था, जो कोई लंका में जाने के वास्ते समुद्र की तरफ जाता तो जादू चाला से डुबो देता और लंका के ऊपर किसी को नहीं जाने देता था और दुनियाँ यह नहीं जानती थी कि रावण लंका में इन्द्रजाल की वजह से नहीं जाने देता है और जो कि सुपना और ग्रहचाला दुनियाँ में जारी हुये हैं यह भी रावण के जमाने से हुये हैं और जो रावण के राक्षसी वेद की किताबें और टीपणा वगैरा दुनियाँ में चला करके सबकी अकलों को खराब कर दिया था, सो यह बात भी वेद की किताबों में लिखी हुई है कि रावण ने राक्षसी वेद की किताबें और टीपणा वगैरा दुनियाँ की अकल

सुपना = स्वपन, ग्रह चाला = तरह तरह के रोग, रखेश्वरो ऋषि मुनी

को फेरने के लिये चलाये थे, जिसका सबूत पुराणों वगैरा से साफ प्रकट होता है परन्तु रावण के जाल मिटाने के वास्ते तमाम दुनियाँ लंका में पहुँचने के वास्ते तैयार हुई, परन्तु दुनियाँ को यह पता नहीं लगा कि लंका में किस तरह से जा सकेंगे? फिर कुछ अरसा गुजरने के बाद यह तजवीज की, कि तमाम सृष्टि के राजा - बादशाह और रैयत वगैरा ने ऐका करके बड़ी भारी फौज बनाई और जोकि राजा रावण के भाई - बेटे, फौज समेत हिन्दुस्तान में रहते थे उनको पकड़ - २ कर पूरा - २ तंग किया जब रावण के भाई विभीषण ने, कि रावण का राक्षसी पाप चलाया हुआ था वह तमाम राजा - बादशाहों और दुनियाँ वगैरा को विभीषण ने बता दिया; देखो! जबकि शनिचर ने रावण के राक्षसी पाप का पता लगा दिया था और वाकिफ किया जब दुनियाँ की औलाद बची है, परन्तु रावण तमाम दुनियाँ को मार के धन अपने काबू में कर लेता तो शनिचर का नाम इस

अरसा = अवधि, ऐका = एकता, रैयत = जनता.

दुनियाँ के ऊपर सिर्फ नेकी करने की वजह से अमर रहा है, कि जो रावण का राक्षसी पाप था उससे दुनियाँ को बचाई, इसी तरह से हरनाकुश ने भी राक्षस विद्या चलाई थी जब भी तमाम दुनियाँ की बुध्दि भ्रष्ट हो गई थी परन्तु उसके जमाने में भी तमाम दुनियाँ ने और राजा – बादशाहों ने एक दिल होकर हरनाकुश के राक्षसी पाप को छोड़ाया जब तमाम दुनियाँ बची, नहीं तो हरनाकुश भी तमाम दुनियाँ को गारत करके धन अपने काबू में कर लेता और हरनाकुश ने भी राक्षस विद्या का सुरग और नरक बनाया था और इसके अलावा चौरासी लाख कुण्डियाँ भी राध लहू की बनाई थीं, सो उन कुण्डियों के ऊपर दुनियाँ के नाम का पाप कराता था इससे दुनियाँ की अकल खराब हो गई थी जबकि हरनाकुश के राक्षसी पाप की, खबर दुनियाँ को नरसिंहजी के कहने से मालूम हुई, जब तमाम संसार ने दिल में विचार करके कहा कि यह जितनी खराबियाँ दुनियाँ में होती हैं

यह कुल हरनाकुश के राक्षसी पाप का फितूर है जब भी तमाम राजा – बादशाहों ने एक दिल होकर हरनाकुश के राक्षसी पाप को छोड़ाया जब तमाम दुनियाँ बची है और जो हरनाकुश का राक्षसी पाप नहीं मिटता तो हरनाकुश भी चारकूंट में और चौदा भांण में अपना राज करता; परन्तु संसार ने हेत करके हरनाकुश के राक्षसी पाप को मिटा दिया इससे दुनियाँ सलामत रही है; उसके बाद कंस राजा ने भी राक्षस विद्या का पाप चलाया था और अलावा इसके राक्षस विद्या के वेद और टीपणा वगैरा चलाया था और राक्षसी पाप का सरग – नरक भी बनाया था और चौरासी लाख कुण्डियाँ भी राध लहू की बनाईं थीं, यह बात दुनियाँ में मशहूर है, परन्तु जब राजा कंस के राक्षसी पाप की खबर पड़ी तब तमाम दुनियाँ के राजा – बादशाहों ने एक दिल होकर कंस राजा के राक्षसी पाप को छोडाया जब तमाम दुञिनयाँ बची है, नहीं तो कंस राजा भी तमाम दुनियाँ को मारके

धन अपने काबू में कर लेता; इसी तरह से कारून बादशाह ने राक्षस विद्या के वेद और किताबें और टीपणा वगैरा दुनियाँ में चलाये थे और राक्षसी पाप का स्वर्ग बनाया था और चौरासी लाख कुण्डियाँ भी बनाईं थी, सो उन कुण्डियों पर चौरासी लाख जीवाजून को कलपाता था; जबकि कारून बादशाह के राक्षसी पाप की खबर पड़ी जब तमाम दुनियाँ और राजा -बादशाहों ने एक दिल होकर कारून बादशाह के राक्षसी पाप को छोडाया जब तमाम दुनियाँ बची है, नहीं तो कारून बादशाह भी तमाम दुनियाँ को मारकर धन अपने काबू में कर लेता सो यह बात दुनियाँ में प्रघट है और जोकि राजा रावण और कारून बादशाह ने राक्षसी पाप चलाया था सो उन्होंके पाप को तमाम जहान ने एक दिल हो करके छोडाया था; जब तमाम दुनियाँ बची थी, वरना औलाद दुनियाँ की नहीं रहती, परन्तु इन चारों शख्सों ने जो राक्षसी पाप चलाया था उनके नाम भी

बदल -२ कर रखे थे, कि जिससे हमारा राक्षसी जाल मालूम नहीं होगा, जिनकी तारीफ मैं नाम के हवाला कलम है कि, जो रावण ने राक्षसी पाप चलाया था उसका नाम 'इन्द्रजाल' रखा था, जिसको शनिश्चरजी महाराज ने तमाम जहान में मशहूर कर दिया था और हरनाकुश राजा ने जो राक्षसी पाप चलाया था उसका नाम 'राक्षस विद्या' रखा जिसको नरसिंहजी ने दुनियाँ में प्रघट किया और कंस राजा ने जो राक्षसी पाप चलाया था उसका नाम 'जादूचाला' रखा कि जिसको श्रीकृष्ण महाराज ने संसार में प्रघट किया और कारून बादशाह ने जो राक्षसी पाप चलाया उसका नाम 'काफिर विद्या' रखा कि जिसको गुरू नानक ने प्रघट किया; याने पाप तो वोह का वही था परन्तु नाम इस वजह से बदल - २ कर रखे थे कि जो एक नाम से ही पाप 'मजकूर' चलाया जावेगा जब तो दुनियाँ समझ जावेगी फिर हमको कौन पाप करने देगा? और

जबकि नाम इस पाप के बदलकर रखेंगे तो हमारा जाल एकाएक जाहिर नहीं हो सकेगा, इससे ऐसे - २ नाम बदलकर रखे थे, परन्तु बलराजा के बाद से इन सौदागर महाजनान ने भी रावण, हरनाकुश वगैरा की तरह से राक्षसी पाप चलाया है परन्तु पाप तो वोह का वही है, लेकिन नाम इन्होंने भी बदलकर रखा है कि जिसको तमाम हिंन्दू - मुसलमान और सब लोग कलुकाल कहते हैं, सो वोह सौदागर महाजनान के घर का राक्षसी पाप है कि जिस तरह से रावण वगैरा ने चलाया था, उसी तरह पर इन सौदागरान का राक्षसी पाप चल रहा है और इन सौदागर महाजनान ने भी रावण की तरह से राक्षसी वेद की किताबें और टीपणा वगैरा दुनियाँ में चलाये हैं कि जो आज दुनियाँ में चल रहे हैं, यह सब इन्द्रजाल है जिसको हिन्दू, मुसलमान, अंग्रेज और सब सृष्टि देख रही है और इन सौदागर महाजनान ने पहले से यह कैसी अकलमन्दी की है जो अगले जमाने के

कुलकाल = कलयुग = राक्षसी युग

सती लोग हुये हैं उनके नाम किताबों में लिखकर जाहिर किये हैं और ऐसा भी लिखा है कि "अब ऐसा जमाना तंग आवेगा कि जिसके घर में एक सेर कांसी रहेगी वोह दौलतमन्द कहलायेगा" सो यह किताबें जिसमें दुनियाँ के बुरा होने का लिखा है वोह इन सौदागरों ने ही राक्षसी जाल की किताबें चलाई हैं और अगले सती लोगों के नाम उन किताबों में लिख दिये हैं, इस वास्ते कि आप प्रघट न हों और यह भी लिखा है कि वोह सेर कांसी भी राजा - बादशाहों के घरों में रहेगी, सो देखो भाई! इस जमाने में तो राजा, बादशाह हाथी, घोड़ा, फौज वगैरा कई किसम के आराम उठाते हैं फिर जबकि सेर भर कांसी रह जाने की नौबत पहुँचेगी उस वक्त में इन राजा - बादशाहों का क्या हाल होगा? सो यह बात काबिल खयाल करने की है कि सेर भर कांसी में से क्या तो अपने खरचे में लायेंगे: और क्या दुनियाँ के कारज करेंगे? और क्या फौज रखेंगे और कहाँ से अच्छा कपड़ा -जरी

व रेशम का पहनेंगे? जब सेर भर कांसी रह जावेगी तो रैयत वगैरा तो सब मर जावेगी! क्योंकि सब काम रुपया - पैसा से होता है, ब्याह - शादी में कपड़ा वगैरह कहाँ से आवेगा और बगैर बलद -गाय के खेती - बाड़ी के काम किस तरह से चलेंगे? और बगैर पैसे के दुनियाँ का कोई काम नहीं चल सकता है और जब रैयत तबाह हो जावेगी तो राजा - बादशाह क्या करेंगे? रैयत बगैर राज ही नहीं है, क्योंकि पैसे बगैर दुनियाँ के कारज चलें ही नहीं और पैसे बगैर रैयत मर ही जावेगी और इन सौदागरान ने काल पड़ा - २ कर धन अपने काबू में कर लिया है, और जो कुछ बाकी रहा है उसको भी काल पड़ा - पड़ा के काबू में कर लेंगे और यह सौदागर धन को जहाज में लाद - २ कर रावण की तरह से दरियावों के पार लिये जाते हैं जैसे कि रावण लंका में ले गया था उसी मुवाफिक यह भी ले जाते हैं, और फिर पहले से दुनियाँ में यह बातें भी इन्होंने चला दी हैं कि सेर

रैयत = प्रजा, कांसी = एक तरह की मिक्स धातु, बलद = बैल

कांसी रहेगी वोह दौलतमंद होगा और दुनियाँ की आँखों देखते धन को ले जाते हैं और दुनियाँ की बुध्दि भ्रष्ट करके ऐसा सुझाते हैं कि अंग्रेज ले जाते हैं और लिये जाते हैं यह बनिये! सो दुनियाँ का तो कुछ दोष नहीं, क्योंकि दुनियाँ की बुध्दि तो इन्होके जादू में इन्होंने कैद कर रखी है और आँखों देखते यह बनिये धन को रेल में व जहाज में लादकर लिये जाते हैं और दुनियाँ की बुध्दि भ्रष्ट होने के सबब से खबर नहीं पड़ती है और इन्होंने कैसी अकलमन्दी की है, कि यह बनिये जब दूसरी विलायत के लोगों को हिन्दुस्तान में लावेंगे तो वह दूसरी विलायत के लोग दुनियाँ से यह बात सुनेंगे कि हिंदुस्तान का पैसा अंग्रेज ले गये, तो फिर वह अंग्रेजों से लडेंगे और असल में यह बनिये अंग्रेजों से लड़ावेंगे, परन्तु आप यह अलग के अलग और न्यारे के न्यारे रहेंगे और सेरकांसी की भी बातें इन बनियों ने ही पहले से चलाई हैं, सो यह तो जाहीर दिखाई देवे है कि जब धन हिन्दुस्तान का

यह बनिये ले जावेंगे तो सेर कांसी ही बाकी रह जावेगी और यह बात सेर कांसी वगैरा की और काल वगैरा की चलाई तो पहले से बनियों ने है और साधु - फकीरों का नाम लगाकर लिख दिये हैं, कि फलाने साधु - फकीर पहले से लिख गये हैं, कि ऐसा - २ बुरा जमाना दुनिया में आवेगा सो अगर साधु - फकीरों को पहले से मालूम होता तो वोह यह भी लिख जाते कि यह बनिये राक्षसी जाल दुनिया का बुरा होने के वास्ते चलायेंगे सो वोह तो बेचारे परमेश्वर की भक्ति करते थे और उसका नाम लेते थे, अपने जीव का भला होने के वास्ते, सो यह बनिये इस जाल को प्रघट और चौड़े न होने के वास्ते अपने सर रावण के मुवाफिक नहीं लेते हैं जैसे रावण अपने सर नहीं लेता था, और सिवाये इसके और भी बात कैसी लिखकर जाहिर की है कि "सूरज हजार किरणों से तपेगा जिसकी गर्मी से धरती लाल सुरख तांबे के रंग हो जावेगी और जमीन माता के

ऊपर पानी जो है वोह इस तरह गर्म होगा कि जिस तरह से कढ़ाई के अंदर तेल उबलता है उस तरह से पानी उबलेगा,'' सो देखो भाई, उस वक्त में इन राजा - बादशाहों का क्या हाल होगा? परंतु अब; लोगों को यह बात निहायत खूबी के साथ सोचनी और समझनी चाहिये और यह जो आग में इन सौदागर - महाजनान ने किताबों के अंदर लिखकर जाहिर की है यह कुल सौदागर - महाजनान की जालसाजियाँ हैं क्योंकि सूरज हजार किरणों से नहीं तपेगा, यह तो तमाम जहान को भूल बताई है, परन्तु यह ऐसा तो जरूर करेंगे कि जमीनमाता को अग्नि का रोग करके बीमार कर देंगे जिसकी वजह से धरती सुरख तांबे के रंग हो जावेगी और पानी भी तेल उबलने के मुआफिक उबलेगा, परंतु यह जादूखोरा सूरज को तो नाहक बदनाम करते हैं और सब संसार के लोगों को भूल बताई है कि तपेगा, मेरा लिखना यह है कि सूरज हरगिज - २ नहीं तपेगा, क्योंकि यह तो अपने मामूली कील पर घूमते हैं

और सूरज - चन्द्रमा तो इस तरह से हैं कि जिस तरह से आदमी के शरीर में ज्योत होती है उसी तरह से जमीन माता के शरीर में सूरज - चंद्रमा की ज्योत है परन्तु इन सौदागर - महाजनान के इन्द्रजाल के पाप से कुल जहान के लोगों की अकल कैसी खराब कर दी है कि जिससे सब लोगों को ऐसा ही मालूम होता है कि यह राक्षसी वेद की किताबें अगले सती लोगों की लिखी हुई हैं जिससे उनको काम में लाते हैं, परन्तु उनको यह बिलकुल मालूम नहीं है कि जितनी किताबें राक्षसी वेद की हैं वोह कुल इन सौदागर - महाजनान की हैं और इनकी चलाई हुई हैं परन्तु नाम उन किताबों में अगले सती लोगों का लिखकर जाहिर किया है जिससे तमाम लोग उन किताबों को पढ़ते हैं, और उन्हींके उपर चलते हैं हालांकि रात - दिन खराब होते जाते हैं तो भी नहीं समझते हैं, कि इन बनियों ने रावण के मुआफिक राक्षसी वेद की किताबें और टीपणा वगैरा

चलाये हैं क्योंकि संसार की बुध्दि राक्षसी पाप में कैद हो रही है; इससे नहीं समझा जाता है, क्योंकि जब रावण वगैरह ने पाप चलाया था तो देवता स्वरूपी जो लोग थे; उनको भी नहीं मालूम होता था, जब शनिश्चर ने वाकिफ किया जब संसार वाकिफ हुआ, इससे मैं हाथ जोड़कर अर्ज करता हूँ कि कुल जहांन के राजा - बादशाह और रैयत एक दिल होकर इन बनियों के राक्षसी पापको छोडाओगे जब तुम्हारे बाल - बच्चे बचेंगे, नहीं तो यह सौदागर महाजन इस परमेश्वर की रचना को गारत करके धन अपने काबू में कर लेंगे और इन बनियों की दुकानें दूसरी विलायतों में पहुँच गई हैं सो दूसरे बादशाहों को हिन्दुस्तान में ला -२ करके हिन्दुस्तान के लोगों को गारत करा देंगे और धन सब बादशाहों का अपने काबू में कर लेंगे और सबको निर्धन कर देंगे, परन्तु इनके जालों की खबर किसी विलायत के राजा -बादशाहओ और अंग्रेज तक को भी नहीं है और इन सौदागरान का

दिल इस तरह पर है! कि जिस तरह से हमने हिंदुस्तान का धन अपने काबू में कर लिया है, उसी तरह पर दूसरी बादशाहतों का धन काबू में कर लेने के वास्ते यह जाल चलाया है, परन्तु यह सौदागर महाजनान जब किसी बादशाह को हिन्दुस्तान में लाना चाहते हैं तो उनको रुपया – पैसा की मदद देते हैं और हिन्दुस्तान के राज करने का लोभ बताते हैं और जब वोह आने के वास्ते तैयार हो जाते हैं तो सौदागर लोग उनको हिन्दुस्तान में ले आते हैं: और राज करा देते हैं तो इस हिन्दुस्तान में वास्ते राज करने के पहले तो मक्कावालों को लाये, तो उन्होंने अरसा तक राज किया बल्कि "मक्कावालों ने अपने राज अहाते में जबरन हिंदुओं को मुसलमान किया जिसकी खबर हिन्दुस्तान के लोगों को बिलकुल नहीं पड़ने दी" जिसकी खास वजह यही है कि उनकी अकल अपने राक्षसी पाप के जादू से इन बनियों ने कैद कर दी थी जिससे खबर नहीं पड़ी और पहले जमाने का सा धन अब मक्का में भी

अरसा = कुछ अवधि

नहीं रहा इस वजह से वहाँ के लोग भी दुःखी हैं परन्तु यह खबर न तो हिन्दुस्तान को ही है! और न मक्कावालों को है! कि इन सौदागरान ने अपने राक्षसी पाप से संसार के लोगों की अकल को खराब करके धन को काबू में कर लिया है जिससे तमाम दुनियाँ दुःखी है! उसके बाद, वास्ते राज कराने के अंग्रेजों को लाये तो मक्कावालों की तरह से अब यह भी राज कर रहे हैं! और जिस तरह से कि मक्कावालों को राज कराने के वास्ते यह सौदागर महाजनान लाये थे उसी तरह से अंग्रेजों को भी लाये हैं और जिस तरह से कि इन सौदागर महाजनान ने मक्कावालों का धन अपने कबजे में कर लिया है उसी तरह से अंग्रेजों का धन भी अपने काबू में कर लेंगे और निर्धन कर देंगे जब रूस के बादशाह से मिलकर अंग्रेजों के बच्चों को मरवा देंगे और अपने मिलने की खबर अंग्रेजों को और अंग्रेजों के बच्चों को भी नहीं पड़ने देंगे और रूस वालों को लाकर हिन्दुस्तान का राज करा देंगे और जब उनका भी

धन काबू में कर लेंगे और रूस वालों को निर्धन कर देंगे फिर और किसी बादशाहत के राजा – बादशाह से जा मिलेंगे और जब उनका भी धन काबू में कर लेंगे और रूस वालों की तरह से उनको भी निर्धन कर देंगे और उनके बच्चों को मरवा देंगे गरज कि सौदागर महाजन अपने राक्षसी पाप से सबकी अकलों को भ्रष्ट करके सातों – आठों बादशाहतों के राजा बादशाहों को हिन्दुस्तान के राज कराने का लोभ दे करके लावेंगे! और उनसे हिन्दुस्तान का राज करावेंगे! और सब बादशाहों को निर्धन कर देंगे और राजा बादशाहों को अपने राक्षसी पाप से यह बनिये बाहर में लड़ाके मरवा देंगे! और अपने जाल की खबर नहीं पड़ने देंगे, क्योंकि इन सौदागरों का जाल रावण की तरह से अलोप हो रहा है कि जिस तरह से रावण ने लंका में चौरासी लाख कुण्डियों का सुरग – नरक बनाया था, उसी तरह से बलराजा के बाद से इन सौदागर महाजनान ने राक्षस विद्या

बाहें = हाथ पाई से

का स्वर्ग – नर्क बनाया है सो वोह सौदागर महाजनान के घर का राक्षसी पाप है और इसी राक्षसी पाप के जादू से कुल जहान के लोगों की अकल फिरी हुई है! कि जैसे रावण के वक्त में सबकी अकल फिर गयी थी परन्तु इतना ख्याल कोई भी साहब नहीं करते कि जब रावण ने राक्षस विद्या चलाई थी और रावण की चोरी सनीचर को मालूम हो गई थी, सो सनीचर के मुँह से सुनते ही रावण के राक्षसी पाप को कुल संसार ने एक दिल होकर फौरन तजा दिया. फिर और नहीं चलने दिया और सनीचर को भी ज्यादा नहीं समझाना पड़ा था, क्योंकि उस जमाने में संसार की अक्ल थोड़ी – २ खराब हुई थी और अब इन सौदागरान के राक्षसी पाप से ऐसी अकल खराब हो गई है कि समझाये से भी नहीं समझते हैं. सो ऐ राजा –बादशाह और रैयत वगैरा मेरी यह अरज है कि इन सौदागर महाजनान के अजहद जाल हैं सो जिस तरह से कि रावण वे राक्षसी पापको सनीचर के कहने से तमाम संसार ने

एक दिल हो करके छोडाया था, उसी तरह से इन सौदागर महाजनान के जाल को कुल संसार के हिन्दू - मुसलमान और अंग्रेज वगैरा एक दिल हो करके छुडाओ, जब तुमको और तुम्हारे बाल - बच्चों को आराम मिलेगा. और जिस बादशाह को, कि हिन्दुस्तान में लाना चाहते हैं तो पहले उनका धन भी राक्षसी विद्या के पाप से खेंच लेते हैं और निर्धन कर देते हैं जब भूखे मरने लगते हैं तो फिर यह सौदागर लोग उनको रुपया - पैसा की मदद दे करके हिन्दुस्तान में हिन्दुस्तान का राज कराने को लाते हैं! इससे वोह भी कुछ ख्याल नहीं करते हैं और भूले हुये और बहके हुये रहते हैं, ऐ सातों - आठों बादशाहतों के हिन्दू - मुसलमान, अंग्रेज मेरी यह अरज है कि सौदागर महाजनान को धन का लोभ बहुत है: कि पैसा - रुपया सब हमारे पास हो जावे तो हम सबके मालिक और सेठ बन बैठें! और अपना राज करें, सो तुम संसार के लोगों अगर हिम्मत करके इन सौदागरान के राक्षसी पाप ना छोड़ाओगे

अजहद = जिसकी कोई सीमा नहीं, खींच लेते = चुरा लेते जमीन के अन्दर से

तो तुम सब संसार के लोग लोभ ही लोभ में गारत हो जाओगे और हिन्दुस्तान तो गारत हो ही गया है और जो थोड़ा बहुत बाकी रहा है सो वोह अब तुम लोगों को लाकर तबाह करा देंगे: सो यह जाल सिर्फ धन लेने के वास्ते और राज करने के वास्ते चलाया है, इससे इस इंद्रजाल के पाप को छुड़ाना चाहिये जब दुनियाँ की औलाद सलामत रहेगी और जिस तरह से कि राजा रावण ने और हरनाकुश ने और कंस और कारून बादशाह ने राक्षसी विद्या का सुराग बनाया था उसी तरह से बलराजा के बाद से इन सौदागर महाजनान ने राक्षसी विद्या का सुरग - नरक बनाया है. सो यह बात सब संसार में मशहूर है कि वहाँ पर राध लहू की कुण्डियाँ हैं और यह भी कहते हैं कि सुरग - नरक है जिसको आम लोग हिन्दू - मुसलमान सुरग - नरक कहते हैं. सो भाई मेरे हो, वहाँ पर कोई सुरग है ना नरक है, यह तो सिर्फ सौदागर महाजनान बनियों के घर का राक्षसी पाप है और सुरग और नरक तो यह जमीन

माता ही हैं और अपने हिन्दू – मुसलमान राक्षसी वेद की किताबें पढ़ते हैं कि जिनमें चौरासी लाख कुण्डियों का हाल और चौरासी लाख जीवाजून का हाल दुःख देने कुलों के लिखा है; सो भाई मेरे हो यह असली वेद नहीं हैं यह तो सौदागर महाजनान के घर का गुप्ती पाप का बिखान है और जो टीपणा ब्राह्मण लोग बाँचते हैं वोह भी इन सौदागर महाजनान के घर के चलाये हुये हैं क्योंकि यह राक्षसी वेद के टीपणें हैं असली वेद के टीपणें नहीं हैं, सो यह बात वेद की किताबों से साबित होती है कि रावण ने राक्षसी वेद और किताबें राक्षसी वेद की और गीरह चालों के टीपणा वगैरा दुनियाँ में चलाये थे, उसी तरह पर बलराजा के बाद से इन सौदागर महाजनान ने राक्षसी वेद की किताबें और टीपणा वगैरा चलाये हैं, सो इस बात का ख्याल करना चाहिये कि चलाये तो बलराजा के बाद से हैं परन्तु किसी – किसी किताब में ऐसा लिखकर जाहिर किया है कि यह किताबें जमीन व आसमान से पहले की

ग्रह चालों = तरह तरह के रोग बिमारीया, टीपना = पंचाग

बनाई हुई हैं याने (मन्सासागर) किताब पहले की बनाई हुई है और चलाई हुई है सो यह बात काबिल गौर करने की है कि "जब रचना ही नहीं थी तो लिखने - पढ़ने वाला कौन था? सो ऐ भाइयों, यह रचना तो कदीम से ही है और किताबों के बनाने वाले भी कदीम से हैं, क्योंकि जिन किताबों को जमीन - आसमान के पहले की बताते हैं सो वोह पहले की नहीं हैं यह तो इन सौदागर महाजनान के घर का जाल है सो तुम संसार के लोगों अपनी आँखों से ही देख रहे हो, क्योंकि रावण ने तो दुनियाँ के पीछे (९) ही गीरह लगाये थे, परन्तु इन सौदागर महाजनान ने तो इस कदर ग्रह लगाये हैं कि जिसकी कुछ भी गिनती नहीं हो सकती, सो तुम तमाम जहान के लोग अपनी आँखों से देख रहे हो और कानों से सुन रहे हो कि टीपणों में ग्रह चालों का पार ही नहीं है क्योंकि हर साल रोगचालों का और ग्रहचालों का और डाडचालों का याने टीड का आना और चूहा याने ऊँदरों का

कदीम = आद अनादि

ज्यादा होना याने ऊँदरा, साँप, बिच्छू वगैरा की लाखों जीवाजून जमीन के पेट में पैदा होते हैं कि जिस तरह से आदमी के पेट में किसी किसम की बीमारी से सैकड़ों तरह के कीड़े पड़ जाते हैं सो भाई मेरे हो, जिस तरह से कि आदमी के पेट में रोग बीमारी के सबब से कीड़े पड़ जाते हैं इसी तरह से जमीन माता के पेट में रोगचाले की वजह से सैकड़ों तरह के कीड़े पड़ जाते हैं, यह हाल टीपणों के अन्दर हर साल लिखा हुआ आता है कि फलाने साल फलाने किसम की बीमारी शुरू होगी या काल वगैरा पड़ेगा, सो ऐ संसार के लोगों जबकि साल गुजरने के बाद दूसरे बरस आते हैं तो ब्रहिमन लोग काल वगैरा के पड़ने के बारे में तमाम जहान के लोगों को साफ दिल से सुनाते फिरते हैं, परन्तु ब्राह्मण लोग को तो सुनाने की वजह से कुछ दोष नहीं, परन्तु सौदागर महाजनान ने कि जो चौरासी लाख कुण्डियों का स्वर्ग – नर्क बनाया है वहाँ पर जमीन माता के नाम का पाप कराते हैं जब तो जमीन माता को लग जाता है;

टीड = टीड्डीरोग, साल = वर्ष

इस वजह से जमीन माता के पेट में कीड़े पड़ जाते हैं और जबकि जीवाजून और आदमियों के नाम का पाप कराते हैं तो पाप होने के सबब से आदमियों को हर तरह की अंग पीड़ा पैदा हो जाती है गरज कि दूसरी जीवाजून के नामका पाप कराते हैं तो पाप होने की वजह से आदमियों की तरह से दूसरी जीवाजून भी बीमारी के सबब से तरह - २ की अंग पीड़ा पाती है और यह बनिये ऐसा भी करते हैं कि जब किसी के नाम का बाबत मरने के ज्यादा पाप कराते हैं तो संसार में मरी भी पड़ जाती है और यह बेईमान ऐसा भी करते हैं कि राजा - बादशाहों के नाम का पाप होम करावें तो राजा - बादशाह कच्ची उम्र में मर भी जाते हैं; उमर पाकर मरें तो कुछ सोच नहीं पर कच्ची उम्र में मर जावें तो टीपणों के अन्दर सुनाते ही हैं कि अबके राजा - बादशाहों पर मार है तो फिर उस राजा - बादशाहों के नाम का होम पाप चौरासी लाख कुण्डियों के ऊपर करावें तो उस साल राजा - बादशाह मर जाते हैं, सो पहले टीपणों को सुनाते हैं और

फिर चौरासी लाख कुण्डियों के ऊपर पाप कराते हैं जिससे तरह - २ की बीमारियाँ हो जाती हैं जिसका हाल टीपणों के अन्दर साल ब साल बजबानी ब्राह्मणान से सुनते ही हो कि जो आये बरस टीपणों के अन्दर काल पड़ने के बाबत और रोगचाला फैलने के बारे में और गायें, घोड़ा, ऊँट वगैरा पर भार होने के बारे में भी लिखते हैं, और यह भी लिखते हैं कि फलाने बरस में तलवार चलने का जोग है क्योंकि टीपणों में यह बात लिखी हैं, सो जब तलवार चलने के नामका पाप होम कराते हैं तो तलवार चल जाती है परन्तु इन सौदागर महाजनान ने तमाम जहान के लोगों की अकल अपने राक्षसी पाप से ऐसी कैद कर दी है कि इनके जालों को सब साहबान सर आँखों से काम में लाते हैं और 'मुलाहजा' फरमाते हैं जब भी इस 'बदहुनर' के बारे में ऐसी कोशिश नहीं करते हैं कि जिससे राक्षसी पाप इन सौदागर महाजनान का संसार से दूर हो जावे तो कैसी उमदा बात है, क्योंकि यह सौदागर

मुलाहजा = सुनने-सुनानेका

महाजन जिस साल में तकरार फिसाद होने सब संसार के पाप करावें तो दुनियाँ की अकल फिरने के सबब से आपस में लड़ाई करते हैं और फिर उस तनाजे से भाई – २ आपस में लड़कर मर जाते हैं. सो यह हाल सब जानते ही हो और प्रघट है कि हम – तुम में ऐसे –२ हेत इरादे रहे हैं कि एक – दूसरे को देख करके नाराज होते हैं बल्कि रंज व गम में गिरफ्तार हो जाते हैं और जहाँ तक की मौका मिलता है, एक – दूसरे को जमने नहीं देता है और गरीबों – अमीरों और राजा –बादशाहों में ऐसा खार – अेंखार है कि भाई – भाई आपस में यह चाहते हैं कि मेरा बड़ा भाई मर जावे तो इसका माल भी मेरे हाथ आ जावे और छोटे भाई को बड़ा भाई नहीं चाहता है कि यह मर जावे तो सब माल – धन मेरे हाथ आ जावे. गरज कि जितने भाई होवे आपस में एक – दूसरे का यह चाहते हैं. और राजा लोग यह चाहते हैं कि भाई – बेटों और उमरावों वगैरा को गाल दूँ तो सब मुल्क की पैदायश मेरे हाँथ आ जावे,

परन्तु यह बुध्दि फिरने का सबब है कि राक्षसी पाप से बुध्दि फेर देते हैं जब ऐसा ही सूझता है, परन्तु यह राजा बादशाहों की भूल है कि जब भाई बेटे सरायत गल जावेंगे तो राजा लोगों को भी कौन राज करने देंगे? परन्तु बुध्दि फिरने से सूझता नहीं है. सो ऐसे - ऐसे खार - अेंखार इस जमाने में रह गये है कि ऐसा हाल और किसी जमाने में नहीं हुआ था कि जो आज हम और तुम और सब संसार अपनी - २ आंखों से देख रहे हो, कि उस परमेश्वर के घर में तो सिंघ और बकरी सामिलचरी हैं ऐसा संप और हेत इरादा था. सो जिस दिन से कि राक्षसी विद्या का पाप दुनियाँ के नाम से कराते हैं, उस दिन दुनियाँ की अकल लछामान हो जाती है सो यह टीपणें राक्षस विद्या के हैं, कि जिस तरह से रावण ने राक्षस विद्या के टीपणें चलाये थे, इसी तरह पर इन बनियों ने भी राक्षस विद्या के टीपणें चलाये हैं और ब्राह्मणों को मराने के वास्ते पकड़ा दिये हैं, परन्तु ब्राह्मणों को तो इनके जालों की खबर नहीं कि

अैंखार = अहंकार, अमरोवा = राज दरबार में एक पद होता है, लछामान = गायब

टीपणें बनियों के चलाये हुये हैं, सो इन बनियों ने टीपणों के अंदर यह कैसी चालाकी की है कि ब्राह्मणों के बुजुर्गों के नाम टीपणों के अन्दर लिखकरके प्रघट किये हैं, इससे ब्राह्मण यह जानते हैं कि यह टीपणें हमारे हैं, सो यह ब्राह्मणों की भूल है, क्योंकि यह टीपणें राक्षसी वेद के बनियों के बनाये हुये हैं और चलाये हुये हैं, कि जो टीपणों को ब्राह्मण लोग आज बाँच रहे हैं, परन्तु इन महाजनान ने यह अकलमदी की है कि जो राजा बादशाह टीपणों का हाल दरियाफ्त करेंगे तो ब्राह्मणों के बच्चे मारे जावेंगे, लेकिन ब्राह्मण लोग इन टीपणों का बिलकुल ख्याल नहीं करते कि इन टीपणों में ग्रह गोता तो राक्षसी वेद के मौजिब हैं, सो इस बात को बिलकुल नहीं सोचते हैं कि टीपणें हमको किसी ने राक्षसी वेद के तो नहीं पकड़ा दिये हैं? क्योंकि रावण ने छल करके राक्षसी पाप के टीपणें रखेश्वरों को पकड़ा दिये थे, सो उसी तरह से छल करके जाल के टीपणें हमारे बच्चे गारत करने के वास्ते तो नहीं पकड़ा

रखेखरों = ऋषी मुनी, मोजिब = मौजूदा

दिये हैं! सो तो बिलकुल नहीं समझते हैं; सो यह अकल फिरने का सबब है क्योंकि बुध्दि को इन्होंने राक्षसी पाप से ऐसी खराब कर दी है कि कलम से लिखा नहीं जाता, बल्कि ब्राह्मणों को तो हमेशा ऐसा ही सूझता है कि यह जो टीपणें हैं कि जिनको रोज मर्रा बाँचते फिरते हैं यह हमारे घर के हैं. परन्तु यह नहीं जानते कि इन सौदागर महाजनान ने जालसाजी करके राक्षसी पाप के टीपणें बना करके हम ब्राह्मणों को पकड़ा दिये हैं कि जैसे रावण ने जालसाजी करके रखेश्वरों के हाँथों में राक्षसी वेद के टीपणें पकड़ा दिये थे. यह हाल इस तरह से है कि रावण का दिल चकवे राज करने और कुल पृथ्वी पर राज करने का था, इसी तरह से इन महाजनान ने भी बलराजा के बाद से जालसाजी करके ब्राह्मणों के बच्चे मराने के वास्ते राक्षस विद्या के टीपणें पकड़ा दिये हैं और इनका भी मन चकवे राज करने का है. सो यह हाल इस तरह से है कि जब अकल खराब हो जाती है जब ऐसा ही सूझता है, परन्तु

मर्रा = रोज का रोज

यह भी गौर करने की बात है कि जो ब्राह्मण लोग टीपणों को इस जमाने में घर -२ बाँचते फिरते हैं, परन्तु बाँचने से कौन सा काल और कौन सा रोग वगैरा और कौन सी बातें होती हैं? और टीपणों में जो कहते हैं कि फलाने दिन तमाम साओ देश में मेह का जोग है तो उस दिन जमीनमाता के नाम का पाप उन चौरासी लाख कुण्डियों के ऊपर बंद कर लेते हैं, तो 'बिरखा' तमाम दुनियाँ - जहान में हो जाति है और जो यह महाजन लोग यह चाहें कि मेह थोड़ा बरसने देवें तो उसी वक्त जमीन माता के नाम का पाप करना शुरू कर देते हैं तो बरसते - २ मेह बंद हो जाता है, इसकी ऐसी मिसाल है कि जैसे आदमी खाना खाता होवे और खाते - २ उसके पेट में बहुत सख्त दर्द - दुःख पैदा हो जावे, तो उसी वक्त वोह उस दर्द की वजह से खाना - पीना बंद हो जावे, उसी तरह से जमीन माता को भी जादू से रोग कर देते हैं तो मेह बरसते - २ बंद हो जाता है, याने जमीन माता

बिरखा = बरसाद

पानी पीते - पीते रोग के सबब से बंद हो जाती है. क्योंकि जमीन की खुराक पानी है और जो टीपणों में यह लिखा हुआ है, वोह लिखते हैं कि फलानी जगह मेह होगा और फलानी जगह मेह नहीं होगा, याने फलाना खण्ड खाली रहेगा, तो जिस तरफ का खण्ड खाली रहता है उस तरफ की जमीन के नाम का पाप कराया जाता है और जिस खण्ड के अन्दर मेह होने का लिखते हैं और उस खण्ड की जमीन के नाम का पाप छोड़ देते हैं तो वहाँ मेह बरसता है, कि जैसे आदमी के शरीर में एक पासे की तरफ में दर्द हो जावे और दूसरी तरफ का पासा अच्छा रहे या एक हाँथ या पाँव या सर या पेट या पीठ में किसी तरह का दर्द या रोग हो जावे और दूसरा हाँथ, पाँव या सर या पीठ अच्छी होवे. इसी तरह से जमीन माता के भी देह और शरीर हैं; और जिस तरह से कि आदमी के शरीर में रोग हो जावे उसी तरह से जमीन माता के शरीर में जादू चाले से यह बनिये महाजन जमीन के नाम का

मेह = वर्षा, पासे = पासवाडा

होम याने पाप कराते हैं और रोग व बीमारी पैदा कर देते हैं तो जमीनमाता भी बीमार हो जाती हैं, इससे कहीं बरसता है और कहीं नहीं बरसता है क्योंकि जिस तरह से आदमी जिन्दा दिल है उसी तरह से जमीन माता भी जिन्दा हैं और टीपणों में यह लिखते हैं कि, अबके बरस पवन ज्यादा चलेगा तो जमीन माता को जादू से दमका रोग कर देते हैं तो इन महाजनान की इससे यह गरज है कि धान रीजक वगैरा कम होवे तो इनके घर में फायदा पड़ता है, तो पवन का रोग इस तरह से है कि जैसे आदमी को दम का रोग हो जाता है और जो टीपणों में यह लिख देते हैं कि अबके बरस अग्नि चाला बहुत होगा तो उस बरस जमीन के नाम का पाप कराके गरमी का रोग कर देते हैं, जैसे आदमी के पेट में गर्मी और आग पैदा हो जाती है और कहीं - २ गर्मी का जादू से ज्यादा रोग करते हैं तो बहुत से गाँव जल जाते हैं और जंगल व पहाड़ों में धान, घास, झाड़ वनस्पति वगैरा

रिजक = मेरा फल खने पिने की वस्तुमे

खुद – ब – खुद जल जाते हैं और मैं कहाँ तक लिखूँ आप लोग गौर करो तो बहुत से रोग इन महाजनान ने जमीनमाता को जादू से कर रखे हैं कि जिससे पैदावार धान वगैरा की नहीं होती है और इन्होंने बेशुमार रोग जमीनमाता को कर दिये हैं जिससे धान वगैरा नहीं होता है और मैंने तो एक – दो बातें आप लोगों को वाकिफ करने को लिखी हैं और जैसा कि सतजुग में रीजक होता था वैसा अब नहीं होता है, क्योंकि जमीन माता के शरीर में बारोमास ही जादू से रोग रखते हैं इससे सतजुग के मुवाफिक रीजक नहीं होता है जिससे कुल दुनियाँ दुःखी है और जो टीपणों में यह लिखते हैं कि अब के बरस आदमियों में बीमारी कम है तो उस बरस संसार के नाम का पाप थोड़ा कम करते हैं और जो टीपणों में यह लिखते हैं कि अबके बरस जानवरों में याने घोड़ा, ऊँट, गाय, भैंस व बकरी वगैरा में बीमारी कम है तो उस बरस जानवरों के नाम का पाप थोड़ा कम करते हैं तो जानवर बेचारे फलते – फूलते हैं और

सतजुग = सतयुग

टीपणों में यह भी लिखते हैं कि गायें, भैस, भेड़ व बकरी वगैरा में रोग ज्यादा हैं तो उस बरस उनके नाम का पाप ज्यादा करावें तो यह बनिये महाजन बेईमान कैसी चालाकी करते हैं कि चार - पाँच बरस पेशतर घीरत खरीद - २ कर रखते हैं और फिर जानवरों में जादू से मरी डाल करके घीरत महँगा करके बेचते हैं. सो पहले से तुम सब संसार को टीपणों में सुनाते ही हैं कि घीरत, रुई वगैरा खाने - पीने की चीज वगैरा महँगी होगी, गरज इनकी यह है कि हर एक तरह से छल करके पैसा संसार में से खींच लेवें, सो यह बनिये ऐसे - २ पाप कराके चालाकी करते हैं. इस सबब से मैंने एक - एक बात को सौ - सौ जगह लिखी है, परन्तु इन बनियों ने कई लोगों के दिलों में जादू से मेरे को पागल सुझाते हैं सो लोगों का तो कुछ दोष नहीं, क्योंकि जादू से कुछ का कुछ सुझा देते हैं और मैं तो संसार के बच्चे उभरने के वास्ते आप लोगों को वाकिफ करता हूँ और खबरदार करता हूँ कि जो ब्राह्मण लोग टीपणें इस जमाने में घर-२ बाँचते फिरते हैं परन्तु

बाँचने से कौन सा काल और कौन सा रोग वगैरा और कौन सी बातें होती हैं और टीपणों के बाँचने से कौन सी मरी वगैरा पड़ती है? लेकिल यह टीपणें परवाने के तौर पर संसार के लोगों को छः - २ महीने पहले से लोगों का नुकसान पहुँचाने के लिये कानो - कान सुना देते हैं और दिन मिती इन टीपणों में भी लिखी हुई है, मगर जिस वक्त कि चौरासी लाख कुण्डियों के ऊपर पाप कराते हैं जब यह टीपणें सच्चे हो जाते हैं और जो कि चौरासी लाख कुण्डियों के ऊपर जमीन के नाम का पापकरावें तो अनेक तरह की बीमारी जमीन के शरीर में हो जाती हैं और संसार के नाम का पाप करावें तो आदमियों को बीमारी हो जाती है और जो संसार के नाम का ज्यादा पाप करावें तो मरी भी पड़ जाती है, उसी तरह से अनबोले यानी बेज़ुबान घोड़ा, ऊँट, गायें वगैरा के नाम का पाप करावें तो उनको रोग पैदा हो जाता है और जो उनके नाम का ज्यादा पाप करावें तो बेज़ुबानों के ऊपर भी मरी

मरी = मौत, मेह जोग - बारिश संभावना।

पड़ जाती है. सो टीपणा सुनाने से तो कुछ भी नहीं होता है, वो जब चौरासी लाख कुण्डियों के ऊपर पाप कराते हैं तब संसार का बुरा होता है इस तरह से पापकरा - कराके इन टीपणों को यह महाजन लोग सच्चा करते हैं; इससे ऐ ब्राह्मण लोगों, साध अनोपदास की हाथ जोड़कर अरज है कि यह टीपणें बनियों के बनियों को वापस दे दो और राज दरबार में यह कहना कि यह टीपणें राक्षस विद्या के रावण के तौर पर इन बनियों ने हमारे बुजुर्गों को किस रीत से पकड़ा दिये हैं और हम लोग तो भूले हुये हैं क्योंकि हमारे बुजुर्गों का नाम टीपणों के अन्दर लिखा हुआ है, इससे इन टीपणों को हम अपना जानते हैं, क्योंकि रावण ने हजारों तरह के जाल करके राक्षसी वेद के टीपणें वगैरा रखेश्वरों के हाथों में पकड़ा दिये थे तो रखेश्वर लोग ऐसे - २ सती थे जैसे शिवजी और ब्रह्माजी और रामचंद्रजी सरीखे और रखेश्वर वगैरा ऐसे - २ लोग रावण के इन्द्रजाल के पाप में भूल गये थे, तो इस वक्त के

आदमियों की तो क्या चलाई! जब ऐसे - २ सती लोगों को भी खबर नहीं पड़ी थी कि इन्द्रजाल में हमारी बुध्दि कैद है, तो आजकल के जमाने के लोग किस तरह से इस इन्द्रजाल का हाल मालूम कर सकते हैं. रावण ने शनिश्चर को समामुख कलपाया जब रावण के जाल की खबर पड़ी तो शनिश्चरजी ने सब दुनिया को वाकिफ कर दिया जब सब दुनिया को और रखेश्वरों को खबर पड़ी सो तमाम बातें रावण के इन्द्रजाल की अगले सती लोग वेद शास्त्र में लिख गये हैं और दुनियाँ मे मुँह जबानी भी कहते हैं कि रावण ने इस - २ तरह से इन्द्रजाल चलाया था, सो मेरे को भी इन बनियों ने सनीचरजी की तरह से समामुख कलपाया है, इस वास्ते मैं तमाम संसार को वाकिफ करता हूँ और जब मुझको समामुख नहीं कलपाया था तो मुझको भी तुम्हारी तरह से कुछ खबर इस इन्द्रजाल के जादू की नहीं थी, सो यह जाल सब संसार मिलकर छोडाओ तो तुम्हारे सब संसार की औलाद उभरेगी, नहीं तो

यह बनिये अपने लोभ और धन के वास्ते सब दुनिया को गारत कर देंगे इस वास्ते तरह - २ के छल करके राक्षस विद्या के टीपणें हम ब्रह्मणों को पकड़ा दिये हैं. सो ऐ भाइयों, इन बनियों के तो अनेक तरह के जाल हैं कि जिसका अन्दाज कुछ नहीं हो सकता, क्योंकि इन बनियों ने इस तरह के फरेब करके राक्षसी वेद के टीपणें ब्राह्मणों को पकड़ा दिये हैं सो यह टीपणें सिर्फ ब्राह्मणों के कुल और औलाद मराने को पकड़ा दिये हैं और आप अलाहदा के अलाहदा रह गये हैं क्योंकि जो टीपणें सतजुग में थे उनमें दिन मिती याद रहने के वास्ते लिखी हुई थी, "नेम धरम" पुण्य करने के वास्ते थे सो असली टीपणें तो इन बनियों ने दबा लिये हैं कि जिस तरह से रावण वगैरा ने दबा लिये थे और अपने जाली टीपणें चला दिये थे, उसी तरह से इन बनियों ने भी बलराजा के बाद से राक्षसी पाप को चला करके रावण के तौर पर इन बनियों ने असली टीपणें तो दबा लिये हैं और अपने तौर पर

जाल के टीपणें रावण की तरह से चला दिये हैं, मगर दिन व मिती इन टीपणों में भी याद रहने के वास्ते लिख दी हैं. और ग्रहचाला और रोगचाला व माँदगी वगैरा के बारे में लिखा है; और ऐसा भी लिखा है कि कलजुग इस तरह का आवेगा कि ''बहन व भाई आपस में हराम काम करेंगे'' क्योंकि यह बनिये जादू से बुध्दि भ्रष्ट कर देवें तो आदमियों की बुध्दि जानवरों के मुवाफिक हो जावे, फिर आदमी भी बहन - बेटी को नहीं समझे लेकिन जिस तरह से संसार में भूल पड़ती जावेगी जब यह महाजन ऐसी बुध्दि भ्रष्ट करेंगे, जब जानवरों के मुवाफिक बहन - बेटी से हराम करने लगेंगे; सो अब इस जाल की खबर पड़ गई है सो सब संसार मिलकर इस जाल को छोड़ाओ, नहीं तो इन महाजनान ने जिस तरह से टीपणों में लिखा है तो वैसे ही यह बनिये बुध्दि भ्रष्ट करके कर दिखावेंगे, क्योंकि ''तुम ज्योतिष के भरोसे भूले हो'' और यह राक्षसी जाल है सो यह टीपणें तो राज के परवाना मोजिब इस तमाम

दुनिया में फिर रहे हैं, कि जिस तरह से नेकी व बदी के बारे में ''बाबत तलबी फरीकैन के समन मजकूरे वाल राज से जाते हैं'' उसी तरह से इन सौदागर महाजनान के राक्षस विद्या के टीपणें दुनियाँ में फिर रहे हैं और अलावा इसके चौरासी लाख कुण्डियाँ भी राध लहू की बनाई हैं, सो उन कुण्डियों पर चौरासी लाख जीवाजून को दुनियाँ के नाम से कलपाते हैं कि जिस तरह से इन टीपणों में बीमारी और मिरगी और काल का हाल दरबारे पड़ने के लिखा है सो पड़ जावे, सो जमीन माता के नाम से जीवाजून कलपाते हैं तो काल भी दुनियाँ में पड़ जाता है और ग्रहण भी दुनियाँ में पड़ जाता है और जिस तरह से कि रावण ने सूरज - चंद्रमा को बाँधा था, सो इसका हाल वेद और किताबों व पुराणों वगैरा में लिखा है परन्तु दुनियाँ यह कहती है कि रावण ने सूरज - चन्द्रमा को बाँधकर अन्दाज देखा था कि जमीन के नाम से पाप किया जाता है वोह जमीन को लगता है कि नहीं लगता है इस

बाबत तलबी फरीकैन के समन मजकूरेवाला -राजा के फरमान को प्रं

वजह से बतौर तजरुबे के रावण ने दो चार मरतबा ग्रहण भी डालकर देखा था, सो वोह पड़ गया था, इससे जमीन को पाप लग गया था; सो ग्रहण का पड़ना दुनियाँ में रावण ने चलाया था सो यह बात दुरस्त है, सो रावण के वक्त में तो रावण ने दो चार बार ही ग्रहण पड़ाया था. रावण ने सूरज – चन्द्रमा को दो – चार बार ही बाँधकर ग्रहण डाला था जिससे दुनियाँ में यह बात प्रगट है कि रावण ऐसा था कि सूरज – चन्द्रमा को पवन और पानी को भी बाँध लेता था ऐसा काम उसने किया था, जिससे उसकी यह बात मशहूर चली आती है परन्तु यह बनिये बेईमान बारह महीने में दो – तीन दफे ग्रहण पड़ा देते हैं, सो तुम सब संसार टीपणों में सुनते ही हो, सो यह बात दुरस्त है कि जो जमीन के नाम का पाप किया जाता है वह जमीन को लग जाता है, जब उन्होंने अपने दिल में यह ख्याल किया और परमेश्वर से डरा कि जमीन माता के आसरे तो कुल सृष्टि और जहान

बसता है और हम भी जमीन के आसरे से ही पलते हैं, इससे जमीन के नाम का पाप नहीं कराना चाहिये, क्योंकि जमीन माता तो सब चीजों की पालने वाली है कि जो चीजें जमीन के ऊपर होती हैं और हैं और जमीन के ऊपर राजा - बादशाह और तमाम जहान और चौपाये, पखेरू वगैरा रहते हैं, अगरचे उन्होको हमारे इस राक्षसी पाप की खबर पड़ गई तो मुझको मय औलाद के गारत करा देंगे. इस बात को विभीषण ने अपने दिल में सोचा और सोच विचारकर अपने बड़े भाई रावण से कहा कि जमीन माता के नाम का पाप नही कराना चाहिए, क्योंकि जमीन माता के ऊपर कुल जहान के लोग बसते हैं; अगर तुम्हारे राक्षसी पाप की खबर दुनियाँ को पड़ गई कि रावण जमीन के नाम का पाप कराता है तो तमाम जहान बगैर एक दिल हुए अपनी औलाद को ही गारत कर देंगे. सो इस बात का जिकर विभीषण ने अपने भाई रावण से करके कहा कि तुम पाप करना

छोड़ दो, परन्तु रावण ने अपने भाई विभीषण का कहा न माना और राक्षसी पाप कराता रहा लेकिन विभीषण अपनी भक्ति की वजह से संसार के लोगों से बहुत डरा और डर की वजह से अपने भाई रावण को छोड़कर एक तरफ को बचा, सो अपने भाई रावण के राक्षसी पाप से बचकर अपने कुल का नाम सलामत रखा. सो यह बात वेद और पुराणों में लिखी है कि विभीषण अपनी भक्ति से भक्त था और रावण व विभीषण जो आपस में मिलकर जमीनमाता के नाम का पाप कराते तो संसार के लोगों को जो खबर पड़ती कि विभीषण भी रावण के साथ पाप करा रहा है परन्तु विभीषण तो पाप करने से बचा हुआ था इससे बच गया, अगर रावण के शामिल होता तो विभीषण की भी जान औलाद समेत निकाल डालते लेकिन विभीषण संसार का और अपनी भक्ति का डर करके अलहदा रहा और नेकी की वजह से अपना नाम सलामत रखा, परन्तु रावण जमीनमाता के नाम का पाप कराता था

इससे जमीनमाता दुबली हो गई थी, फिर उसके शरीर में चरबी कहाँ से रहती, लेकिन जमीन के शरीर में चर्बी इन चीजों को कहते हैं कि जिनको भी जमाने में चाँदी व सोने की खानें बोलते हैं वो चरबी है, परन्तु रावण के वक्त में तो चाँदी – सोने की खाने मौजूद थीं, क्योंकि रावण जमीनमाता के नाम का पाप थोड़ा कराता था इससे जमीनमाता रावण के जमाने में दुबली नहीं हुई थी लेकिन रावण दुनियाँ के नाम का पाप अलबत्ता कराता था सो खाश वजह रावण के जाल चलाने की यह थी कि जब संसार के लोग थोड़े से रहेंगे और अकल खराब हो जावेगी तो हम अपना राज चारकुंट और चौदा भांण में अच्छी तरह से करेंगे, इससे साफ जाहिर होता है कि दुनियाँ के नाम का पाप रावण कराता था, परन्तु जिस वक्त की रावण के राक्षसी विद्या की खबर दुनियाँ को हुई कि रावण तमाम दुनियाँ को अपने राक्षसी पाप से गारत करना चाहता है जब तमाम दुनियाँ ने एक दिल होकर

रावण के राक्षसी पाप को मिटा दिया बल्कि रावण पाप न छोड़ने की वजह से ईमानहार हुआ, जब खुद अपनी औलाद को तमाम जहान के हाथों से अपने साथ ही मरा दी. सो भाई मेरे, यह बात काबिल गौर करने की है कि राज तेज तो धरम और नेकी का है परन्तु नेकी का छोड़ना अच्छा नहीं क्योंकि रावण ने दुनियाँ की अकल अपने राक्षसी पाप से थोड़ी खराब की थी सो कुल जहान के राजा - बादशाह व रैयत वगैरह और साधु - फकीरों ने एका करके फौरन रावण के राक्षसी विद्या को छुड़ा दी. सो जल्दी पाप छूटने की वजह यह थी कि सृष्टि ने अपनी औलाद की तरफ देखा कि अभी तो रावण ने अपने राक्षसी पाप से थोड़ी - २ अकल खराब की है और ज्यादा पाप करायेगा तो कुल सृष्टि की औलाद को गारत करा देगा, इससे रावण के राक्षसी पाप छोड़ाने का अभी से बन्दोबस्त करना वााजिब है ताकि जोर न पकड़ने पावे

रावण ने चलाया था परन्तु उसने तलाश इस तरह से की, कि जो रावण के वेद को तमाम जहान के लोग और राजा - बादशाह पढ़ते थे उसके जाल से शनिचर ने सबहों को वाकिफ किया, जब सच और झूठ की तलाश करी और पाप की तलाश करके अपने दिल में बड़ा भारी फिक्र किया और यह कहने लगे कि इन्द्रजाल के पाप से कैसी बुद्धि भ्रष्ट कर दी है; क्योंकि रावण राक्षसी विद्या का पाप कराता था सो संसार के लोग उसकी ही शोभा और बिखान करते थे, सो रावण ने दुनिया के नाम से वेद वगैरा की किताबें चलाई थी उनकी तलाश की और ''चौरासी लाख कुण्डियाँ और डाढ़ में जमीन रखने का और सूरज-चन्द्रमा को मुँह में ले लेने की और ऋषिश्वरों के परचों की तलाश की; और अलावा इसके शराब के दूध होने की और गोस्त का गुड़ होने के और मरे हुए के जिन्दा होने की, अनेक तरह की किताबें और परचा होने की'' राजा - बादशाहों ने तलाश की परन्तु यह सलाह राजा

- बादशाहों को शनिचर ने बताई कि जो कच्ची उमर में किसी को मार देवे तो अतीत फकीर किसी मरे हुए के ऊपर हाथ फेरे और वो जिन्दा हो जावे तो फिर अतीत फकीर के परचे-२ पुकारते हैं और है करामता; सो यह तो आदमियों की भूल है, न कि यह तो कुछ भी नहीं करते और करने वाले तो दूसरे हैं! क्योंकि जब चौरासी लाख कुण्डियों के ऊपर पाप जिसके नाम का कराते हैं वो बीमार हो जाता है और ज्यादा पाप कराते हैं तो कच्ची उमर में मर जाते हैं और जो पाप को छोड़ देते हैं तो फिर जिन्दा हो जाता है और जो उनके नाम का पाप नहीं छोड़ते तो ''फकीर चाहे फिर लाखों ही दफे उस बीमार के ऊपर हाथ फेरे तो कभी हरगिज जिन्दा नहीं होता,'' जब आदमी पूरी उमर पाके मरता है वोह परमेश्वर की कुदरत है और जबकि राक्षसी पाप से बीमार होता है तो नहीं अच्छा होता है चाहे फकीर-साधु कितना ही हाथ उसके ऊपर क्यों न फेरे! सो यह बात

दुनिया में भी कहते हैं कि "मरा हुआ किसी से भी जिन्दा नहीं होता है;" सो यह तो जब से बेईमान लोग राक्षस विद्या का पाप चलाते हैं, जब कच्ची उमर में मरते हैं और जो एक दिन भी कम होवे और बुड्ढा होवे तो उसको दुनियां भुलाने के वास्ते उसके नाम का पाप छोड़ देवे, जब यह कहने लगते हैं कि एक दिन मालिक के घर का कमती है इससे नहीं मरा और जो जवानों को या कच्ची उमर के लोग, बच्चों को मार देवे और फिर उनके ऊपर कोई साधु-फकीर हाथ फेरे, तो जिसके नाम का पाप छोड़ देवें तो वोह जिन्दा हो जावे और जिसके नाम का पाप नहीं छोड़े वो जिन्दा नहीं होवे, तो साधु को करामाती जानते हैं और फिर उसकी तारीफ करते हैं कि फलाने साधु के हाथ फेरने से जिन्दा हो गया और यह ख्याल नहीं करते हैं कि यह पाप है; क्योंकि जो पाप को छोड़ देवें हैं जब तो जिन्दा हो जाते हैं और पाप को नहीं छोड़ें तो जिन्दा नहीं होवे, चाहे साधु

ऊपर कितना ही हाथ क्यों न फेरे, हरगिज जिन्दा नहीं होवे. जब साधु-फकीर यह कहने को लग जाते हैं कि हमने भक्ति अच्छी तरह से नहीं की इससे हमारे हाथ के फेरने से यह शख्स जिन्दा नहीं हुआ है, अगरचे अच्छी तरह से भक्ति की होती तो हमारे हाथ फेरने से जरूर जिन्दा हो जाते, क्योंकि जिसने भक्ति की थी उनके हाथ फेरने से कैसा जिन्दा हो गया! सो जिसके हाथ फरने से वो बीमार अच्छा हो जाता है तो वो हाथ फेरने वाले यह जानते हैं कि मेरे बराबर कोई जोगी नहीं; क्योंकि मेरे कहने से मरे हुए जिन्दा हो जाते हैं और यह ख्याल नहीं करते हैं कि यह पाप है कि कच्ची उमर में मर जाते हैं और जो कि पूरी उमर पाके मरता तो है वो जिन्दा नही होता है और जो कच्ची उमर में मरा है, वह जिन्दा हो जाता है और जो कच्ची उमर में मरता है, किसी ने राक्षसी विद्या के पाप से मारके और हमारी सिधाई बढ़ाके हमारे मराने के वास्ते

तो किसी ने राक्षसी पाप नहीं चलाया है? क्योंकि मालिक ने सबको उमर पूरी दी है सो ऐसा नहीं सोचने देते हैं, क्योंकि जब दुनिया के नामका पाप कराते हैं तो दुनियाँ की नजर बंद हो जाती है व अकल भी खराब हो जाती है कि जो शराब का दूध सूझता है और गोस्त का गुड़ सूझता है और पानी का घी सूझता है और ऐसा भी करके दिखला देते हैं कि जो पानी होवे तो उसका घी करके दिखला देवें और मिश्री का नमक करके दिखला देते हैं, इसी तरह से अनेक परचे दुनिया को करके दिखला देते हैं और उसी तरह साधुओं को भी दिखला देते हैं जिससे मालिक को ही भूल जाते हैं; और शनिचर ने ऐसे-२ परचे वगैरा से सब राजा बादशाहों को वाकिफ किया कि ऋषिश्वरों को और साधु-फकीरों का तो कुछ दोष नहीं, क्योंकि सब संसार की बुद्धि कैद की हुई है; इसी तरह से ऋषिश्वरों की बुद्धि कैद की हुई है, सो ऐसा हाल देख करके राजा -

बादशाह और साधु–फकीर वगैरा अपने –२ दिल में बहुत घबराये और दिल में डरे और जिसके घर में राक्षसी विद्या कि किताबें थी वोह भी बहुत डरे और कहने लगे कि रावण ने बड़ा जुलम किया है कि ऐसे–२ जुलम की किताबें हमारे बच्चे मराने के वास्ते हमारी बुद्धि फेरके और भ्रष्ट करके दे दी है; सो इस बात की तलाश अगर दूसरी विलायत के राजा – बादशाह करते और हमारे घरों में ऐसी–२ किताबें देखते तो यह कहते कि यह राक्षसी विद्या का पाप हिन्दुस्तान के राजा – बादशाह और रैयत वगैरा कराते हैं, जब इनके घर मे ऐसी–२ किताबें राक्षसी वेद की हैं, जब संसार ने और राजा –बादशाहों ने दूसरी विलायत के राजा –बादशाहों को खबर दी कि रावण ने सब संसार के गारत करने के लिए यह राक्षसी पाप चलाया है. सो सब राजा –बादशाहों ने शामिल होकर रावण के राक्षसी पाप को फौरन छोड़ाया जब दुनिया की औलाद बची हैं और

इसी डर की वजह से राक्षसी वेद की किताबें वगैरा पानी में गला दी थी क्योंकि यह राक्षसी जाल चलाया हुआ तो रावण वगैरा का था और हमारे घरों में यह किताबें हमारे बच्चे मराने के वास्ते दे दी हैं और आप अलाहादा के अलाहदा रहा, इस सबब से उन किताबों को गला देना और पानी में डुबो देना. दुनियां में कहते हैं कि रामचन्द्रजी वगैरा और तमाम संसार ने राक्षस विद्या का वेद डुबो दिया था, उसी तरह से इन बनियों ने राक्षस विद्या का पाप चलाया है सो मिटाओगे जब दुनिया की औलाद बचेगी, क्योंकि इन बनियों ने रावण से ज्यादा पाप चलाया है जिससे संसार की बुद्धि भ्रष्ट कर दी है और रावण ने तो थोड़ा-सा ही राक्षस विद्या का पाप चलाया था, जिससे संसार की थोड़ी बुद्धि भ्रष्ट हुई थी, परन्तु इस हाल से शनिचर ने सबको वाकिफ किया जब सब लोग फौरन समझ गये, परन्तु इन महाजन बेईमानों ने ऐसा पाप चलाया है कि जैसे

कोई शख्स शराब को पी करके मस्त हो जाता है कि अच्छी बुरी बात को बेहोशी से नहीं समझता है, इसी तरह से संसार के लोग मेरे समझाने से नहीं समझते हैं, क्योंकि इन बनियों ने सबकी अक्ल को अपने राक्षसी पाप से ऐसी खराब कर दी है कि समझाये से भी नहीं समझते हैं; परन्तु यह काम मैंने तो सब राजा -बादशाह और साधु-फकीर के बच्चे बचने के सबब से अपने ऊपर तकलीफ उठाके इनके पापों को जाहिर करना शुरू किया है और किसी की बुद्धि तो ऐसी कर दी है और वो यह कहता है कि हम तो जादू को समझते ही नहीं हैं, सो यह बात इस वास्ते कहते हैं कि इन बनियों ने बुद्धि लोगों की, पाप से खराब कर दी है और मैं बहुत कुछ समझाता हूँ कि राक्षस विद्या और काफिर विद्या और जादू चाला और कालुकाल, यह तो इन बनियों ने नाम रख दिए हैं; असल में तो यह संसार के नाम का पाप कराते हैं जब पाप जमीन को और सूरज को और चन्द्रमा को और

मेह को लग जाता है तो आदमी की तो कौन चलाई है? और मैं बहुत समझाता हूँ कि यह पाप कराते हैं परन्तु फिर भी कोई नहीं समझता है, सो तो आए बरस काल और ग्रहण पड़ने का और रोगचाला और मरी पड़ने का टीपणों में सुनाते हैं, जब रावण हरनाकुश के वक्त में तो संसार के लोग कहते हैं कि पाप लग जाता था और मेह को और मौत को सहारे की थी, तो उसी तरह पर ख्याल करो कि अब भी पाप लग जाता है और रावण वगैरा का पाप तो इस कदर नहीं था कि जैसा इन बनियों का पाप हैं. जब रावण वगैरा का पाप कराया हुआ लग जाता था तो इसी तरह पर इन बनियों का पाप क्यूं नहीं लगेगा? और मैं इस जाल में कैद हूँ जिससे इस जाल का हाल मेरी आँखों से मुझको सब नजर आता है कि यह बनिये जिसके नाम का पाप कराते हैं उसी को लग जाता है; सो मैं अपनी बीती हुई बात सारी इस किताब में लिखता हूँ और 'मैं सब संसार की औलाद उभरने के वास्ते हजारों रूपया खर्च

करता हूँ और दुख पाके संसार को वाकिफ करता हूँ,' जब भी संसार नहीं समझता है कि जो एक दिल होकर इन्होंके पाप को छुड़ावें तो सबके बच्चों को आराम मिले, परन्तु इन बनियों ने तो सबकी अकल खराब कर दी है कि जब कोई शख्स हमारे जाल को जहान के लोगों को समझावेगा तो संसार के लोग नहीं समझेंगे, तो हमारा जाल बदस्तूर चलता रहेगा कि जैसा अब चल रहा है इसी तरह से चलता रहेगा, क्योंकि पाप को समझाने वाला समझाते-२ ही मर जावेगा तो फिर हमारा पाप अच्छी तरह से चलेगा, परन्तु मुझको ऐसी चाहना लगी हुई है कि जिस तरह से मैंने इन बनियों के राक्षसी पाप को पकड़ा है उसी तरह से इनका पाप छूट जावे तो सब संसार की औलाद बच जावे; और यह राक्षसी पाप बनियों का चलाया हुआ है सो मेरे जीते जी छूट गया जब तो छूट जावेगा, क्योंकि इन बनियों का गिरोह बहुत है और दिन-२ ज्यादा होता जाता है सो फिर वो किसी से पकड़े नहीं

जावेंगे और ना फिर तुमको इनकी खबर लगेगी, तो फिर किस तरह से इनके पाप को छुड़ाओगे? इससे मेरे लिखने पर सब संसार के लोग भरोसा करके और ऐतबार करके इन बनियों के जाल को छुड़ाओ तो अच्छा है और जो कि इनका जाल चल रहा है उसको दुरस्त और सच जानना और इसके छुड़ाने में कोशिश किसी राजा -बादशाह और संसार के लोगों ने न की. और भूल रखी तो फिर इनका जाल छूटना मुश्किल है, क्योंकि फिर तुम जो जाल को छुड़ाना चाहोगे तो फिर तुमसे हरगिज-२ नहीं छूटेगा. इससे 'तुम सब संसार के लोग एक दिल होकर इन बनियों के जाल को मेरी ही जिन्दगी में छुड़ाओगे जब इनका जाल छूटेगा' और मुझको इनके जाल की इस तरह से खबर पड़ी है कि ''इन बनियों ने मुझको अपने राक्षसी पाप से तकलीफ दी है कि जो मुझको इनके जाल से जिन्दा रहने की भी उम्मीद नहीं थी,'' परन्तु मैंने अपने ऊपर गिरते ही जाल के,

इन बनियों का जाल संसार में जाहिर करना शुरू किया और यह कहा कि इन बनियों ने मुझको अपने राक्षसी पाप से कलपाया है और कलपाते हैं, जिससे साबित होता है कि यह बनिये मुझको अपने राक्षसी पाप से मार देंगे परन्तु इन बनियों ने अपने राक्षसी पाप से मुझको मारा तो इससे नहीं है, कि हमने राक्षसी पाप से मार दिया तो संसार यह जानेगा कि यह बनिये जादू के जोर से हमको भी मार देंगे तो हमारा जाल मालूम हो जावेगा, इससे मुझको नहीं मारा, परन्तु इन बनियों का पाप संसार के गारत करने के लिए हद से ज्यादा चल रहा है, इससे मैंने संसार को बनियों के जाल से वाकिफ करना वाजिब समझा कि जब मैं संसार को वाकिफ करूँगा तो संसार के लोग इन बनियों के जाल से वाकिफ होकर जरूर इन बनियों के पाप को अपनी औलाद सलामत रहने की खातिर छुड़ावेंगे; चुनांचे वाकिफ करने के सबब से इन बनियों ने मुझको अपने पाप से दुखी करके

छोड़ दिया और मारा नहीं परन्तु यह बनिये संसार के नामसे किसी टापू के ऊपर गुप्ती पाप करा रहे हैं सो इन बनियों ने इस राक्षस विद्या के पाप से ऐसा दुख दे रखा है कि जबान से भी अदा नहीं किया जाता, वो बनियों के घर का चलाया हुआ है कि जिस तरह से रावण ने राक्षस विद्या का पाप चलाया था, उसी तरह से बनियों ने भी राक्षस विद्या का पाप चलाया है, जिससे सबकी अकल भ्रष्ट हो रही है कि समझाने से भी नहीं समझाते हैं; क्योंकि मालिक ने तो सबको उमर पूरी दी है परन्तु यह जो कच्ची उमर में मरते हैं सो यह गुप्ती पाप से मर जाते हैं, सो इस कच्ची उमर के मौत का ख्याल करके संसार के लोगों को बनियों के जाल से वाकिफ करना जरूर बात समझा कि "जो मेरे जीते जी इन सौदागरान का जाल छूट गया जब तो छूट जावेगा, जब संसार के बच्चे बच जावेंगे नहीं तो बनियों की चोरी किसी पर जाहिर नहीं होगी" क्योंकि यह सौदागर लोग सबसे मिल जाते हैं और मिलके

सबकी अकल को भ्रष्ट कर देते हैं जिससे फिर संसार के लोगों को ऐसा सूझता है कि जो बनिये कहते हैं वो सच समझते हैं अब मेरा लिखना है कि जिस तरह से शनिचर ने रावण के जाल से संसार को और राजा-बादशाह को वाकिफ किया जब राजा -बादशाह ने एक दिल होकर रावण के राक्षसी पाप को छुड़ाया, उसी तरह से अब मैं संसार के राजा - बादशाह और रैयत को बनियों के जाल से वाकिफ करता हूँ और इन बनियों का जाल पकड़कर सलाह बताता हूँ, सो सब संसार के लोग मिलके इन सौदागरान के जाल को छुड़ाओ ताकि तुम्हारे बच्चे इन बनियों के राक्षसी पाप से बच जावें और संसार में पीछे सतजग हो जावे और कुल चीजें संसार में सतजग की तरह से होने लगे कि जैसे पहले जमाने में होती थी, उसी तरह से अब भी होने लगे; सो जबकि सतजग होगा तो चाँदी-सोने की खानें भी प्रगट हो जावेंगी और जबकि आदमी बीमार होता है और दुबला हो

जाता है तो उसका शरीर कमजोरी के सबब से दुबला हो जाता है और चरबी नहीं रहती है, क्योंकि दुख की वजह से गल जाती है, परन्तु जब वो बीमार आदमी अच्छा हो जाता है तो फिर वो अच्छा होने की वजह से दिन-२ ताजा हो जाता है और जिस तरह से कि उसके शरीर में ताकत आ जाती है, उसी तरह से चरबी भी बढ़ती जाती है, इससे यह बात समझने के लायक है क्योंकि जिस तरह से अपने शरीर में कुल चीजें हैं और वो बढ़ती जाती हैं; उसी तरह से जमीन माता के शरीर में भी गोस्त, खून, हड्डी और चरबी वगैरा है जिसकी पहचान इस तरह से है कि "जो पहाड़ हैं वो जमीन माता के शरीर के हाड़ हैं और जो कि मिट्टी है वो जमीन माता के शरीर का गोस्त है और जो कि चाँदी-सोने की खानें हैं वो जमीन माता के शरीर की चरबी हैं और जो कि हीरा-पन्ना हैं वो पहाड़ों का रूप हैं," परन्तु यह बनिये राक्षसी पाप से काल पड़ा रहे हैं जब से जमीन माता दुख पा रही हैं जिससे जमीन

माता के शरीर की चरबी गल गई है और इसके शरीर की रोशनी भी जाती रही है. सो देखो भाई! कि जिस तरह से आदमी का शरीर बीमारी के सबब से कमजोर हो जाता है और बदसूरत लगने लगता है, इसी तरह से जमीन माता का भी रंग बदल गया है कि जो कोई भी नहीं पहचान सकता है और जमीन माता का शरीर तो मालिक ने अपनी कुदरत से और ही किसम का और आदमी और जीवाजून का स्वरूप और तरह का ही बनाया है और अलावा इसके झाड़ वनस्पति का स्वरूप और ही तरह का बनाया है, सो भाई मेरे हो, परमेश्वर ने अपनी कुदरत से सबके स्वरूप न्यारे-२ बनाए हैं कि जो जमीन के ऊपर मौजूद हैं सो तुम तमाम जहान के लोग इस बात का ख्याल दिल से रखना कि जिस दिन तुम तमाम जहान के लोग एक दिल होकर इन बनियों के जाल को छुड़ाओगे जब जमीन माता का शरीर तैयार हो जावेगा और पहाड़ का जो स्वरूप है वो भी हीरा-पन्ना की तरह से चमकने

लगेगा और हीरा-पन्ना यह पहाड़ हैं. परन्तु जब जमीन माता की बीमारी जाती रहेगी जब कुल चीजें मेवा-मिष्ठान वगैरा और चरबी वगैरा सतजग की तरह से होने लगेगी; जब यह जानना कि बनियों ने राक्षसी पाप छोड़ा है, नहीं तो यह बनिये अपने राक्षसी पाप से कुछ का कुछ सुझाके भुला देवेंगे, क्योंकि यह बनिये कुल पाप को नहीं छोड़ेंगे और तुमको थोड़ा राक्षसी पाप छोड़के यह सुझा देंगे कि हमने राक्षसी पाप छोड़ दिया हैं. सो यह बात तुम अच्छी तरह से ख्याल करना कि जब यह बनिये पाप को छोड़ देवेंगे जब तो कोई भी कच्ची उमर में नहीं मरेगा और तुम तमाम दुनियां के लोगों की ऐसी बुद्धि हो जावेगी कि एक-२ को चाहने लगेगा और शेर-बकरी शामिल चरेगी; अनबोलों में भी ऐसा सम्प होगा और कुल चीजें सतजग की तरह से पैदा होगी, जब ये जानना कि इन बनियों ने दुनियाँ के नाम का पाप छोड़ा है और जो कि यह

पाप कराते हैं, वो अलोप कराते हैं, अगरचे जाहिरदारी में करें जब तो हर कोई इनके पाप को छोड़ा देवे परन्तु गुप्ती पाप की वजह से किसी पर इनका पाप साफ-२ जाहिर नहीं होता है कि किस कदर पाप कराते हैं और कहाँ पर कराते हैं? इससे किसी से भी इनका पाप कराना नहीं छोड़ाया जाता, परन्तु इन बनियों ने तो मुझको अपने राक्षसी पाप से रू-ब-रू कलपाया है, इससे इनकी चोरी मालूम हुई और जिस कदर पाप से नुकसान हो रहा है वो मैं अपनी नजरों से देख रहा हूँ, इससे आप लोगों को इस लिखे हुए पर गौर फरमाना मुनासिब है कि "मालिक के घर से तो सबकी उमर पूरी दी हुई है और इस जमाने में तो आदमी की उमर (१२५) बरस की है, सो एक सौ पच्चीस बरस की उमर मेरी भी है और मेरा जनम चैत्र सुदी (१४) संवत् (१९०५) का है सो इस मिती और संवत् से लगाकर संवत् (२०३०) तक मेरी उमर होनी चाहिए; क्योंकि यह

कुछ आदमी की दी हुई थोड़ी ही है! यह तो परमेश्वर की दी हुई है और इसी तरह से कुल जहान के लोगों की उमर (१२५) बरस की है'' परन्तु यह किसी को भी पूरी उमर नहीं पाने देते हैं और कच्ची उमर से मार देते हैं. सो इस पाप की वजह से लाखों में एक-दो की ही पूरी उमर होती हैं, सो मुझको तो इस बात का गम नहीं है परन्तु यह बनिये मुझको अपने राक्षसी पाप से कच्ची उमर में मार देंगे, इस बात पर अलबत्ता गम है कि ''जब मुझको मार देंगे तो फिर बनियों की चोरी को कौन जाहिर करेगा?'' क्योंकि बनियों के तो दिल में यह है कि इसने हमारा जाल पकड़ा है सो इसको मार देवेंगे तो हमारे वास्ते अच्छा है, क्योंकि हमारा जाल फिर अच्छी तरह चल निकलेगा इससे यह बनिये मुझको अपने राक्षसी पाप से मारना चाहते हैं कि हम बनियों का जिस कदर जाल है वो सब शनिचर की तरह से इसको मालूम है, अगरचे इसको नहीं मारेंगे तो हमारा

जाल किस तरह से चलेगा. क्योंकि शनिचर की तरह से यह तमाम जहान को हमारे जाल से वाकिफ कर देगा, जब संसार के लोग फौरन हमारे जाल को छुड़ा देंगे. तो फिर हम दुनियाँ को किस तरह से गारत करेंगे, और क्यों कर उनका धन अपने काबू में आवेगा? सो इन बनियों के दिल में तो राक्षसी पाप कराने की रहती है इससे ऐसा ही सूझता है और रावण के वक्त में तो रावण ने शनिचर को कलपाया था, जब शनिचर ने विभीषण से कहा कि जो तू मेरे जीते जी पाप को छोड़ा देगा जब तो तू भी सलामत रह जावेगा और मुझको जादू से तुमने मार दिया तो संसार तुम्हारी जान भी निकाल देगा, तो रावण के साथ तुम भी मारे जाओगे, क्योंकि रावण ने शनिचर को कलपाया था जब शनिचर ने विभीषण से कहा कि जो मेरे जीते जी तुम और तुम्हारा भाई रावण पाप को छोड़ देगा जब तो तू भी बच जावेगा और जो कि मुझको जादू से मार दिया तो संसार तेरी भी

रावण के साथ जान निकाल देगा, क्योंकि संसार को तुम्हारे राक्षसी पाप की खबर नहीं है, परन्तु मैंने तुम्हारा जाल पहचान लिया है और पहचान करके तुम्हारे जाल से वाकिफ किया, सो तुम मेरे सामने अपना राक्षसी पाप छोड़ दो कि जिस कदर तुमने चलाया है क्योंकि तुमको तुम्हारा कुल जाल मालूम है. अगरचे तुम मेरे सामने अपने पाप को नहीं छोड़ोगे तो दुनियाँ को तुम आधा पाप छोड़के बता दोगे और बगैर छोड़े यह बात प्रगट कर दोगे कि हमने छोड़ दिया, सो तुम्हारे जाल को संसार के लोग किस तरह से जानेंगे कि पाप को छोड़ा है कि नहीं छोड़ा है? क्योंकि वो तुम्हारे राक्षसी पाप को पहचानते ही नहीं, सो तुम इस जाल को मेरे सामने छोड़ दो; सो शनिचर के कहने को समझ करके विभीषण ने कहा कि "मैं तुम्हारी जबान से तिरना चाहता हूँ सो मैं अपने कुल में राक्षसी पाप नहीं चलते दूँगा," क्योंकि विभीषण को तो पाप का छोड़ना ही मंजूर था, इससे

शनिचर के कहने को मंजूर कर लिया और छोड़ने को तैयार हो गया, परन्तु जबकि इस हाल को विभीषण ने रावण से कहा तो रावण ने शनिचर के सामने राक्षस विद्या के छोड़ने में इन्कार किया, जब शनिचर ने तंग किया जब रावण ने अपने राक्षसी पाप को बता दिया परन्तु कुछ बताया और कुछ नहीं बताया. जब शनिचर ने यह देखा कि यह पूरा पाप नहीं बताता है कि जिस कदर इसका पाप है, हालांकि मुझको रावण का राक्षसी पाप कुल मालूम है कि जिस कदर यह करता है, परन्तु रावण अपने पाप को मेरे से अलोप रखता है, जिसकी वजह यह है कि जो किसी कदर मेरा पाप छाने रह जावेगा, तो मैं पीढ़ी, दो पीढ़ी के बाद फिर अपना राक्षसी पाप चला दूँगा; परन्तु शनिचर बड़ा अकलमंद और समझदार था कि जो रावण की चोरी को पकड़ लिया था, लेकिन रावण तरह-२ के जाल करके अपने पाप को छुपाता था, मगर शनिचर रावण की फरेबी

बातों को बिलकुल नहीं मानता था और रावण को तंग करता था चुनांचे रावण ने अपना राक्षसी पाप कुल नहीं बताया. जब शनिचर ने विभीषण से रावण के पाप को दरियाफ्त किया तो विभीषण ने रावण का राक्षसी पाप कुल बता दिया, कि जिस कदर रावण गुप्ती पाप करता था; इससे शनिचर के दिल में रावण की तरफ से शक पड़ गया, इस वजह से शनिचर ने रावण के राक्षसी पाप से तमाम जहान को वाकिफ कर दिया कि रावण का मुझको भरोसा नहीं हैं, क्योंकि इसने राक्षसी पाप बिलकुल नहीं बताया है, सो अचरज नहीं कि एक-दो पीढ़ी के बाद फिर अपना राक्षसी पाप चला देंवे, क्योंकि यह मेरे सामने भी झूठ बोलता है तो तुम लोगों के सामने तो किस तरह से सच बोलेगा, इससे मैं तमाम जहान के राजा -बादशाह और रैयत को इस रावण के राक्षसी पाप से वाकिफ करताहूँ कि जो तुम्हारी मरजी में आवे वोह रावण के जाल का बन्दोबस्त करना, इस बात से सब जहान ने

यह विचार किया कि रावण का राक्षसी पाप शनिचर को मालूम है, सो रावण ने अपना राक्षसी पाप शनिचर को ही नहीं बताया तो हमको तो क्योंकर सच-सच अपना जाल बतावेगा? ऐसा ख्याल करके तमाम जहान ने शनिचर के कहने पर यकीन लाकर दिल में ख्याल किया कि जो अब हम रावण को मय औलाद के नहीं मारेंगे जब तक इसका राक्षसी पाप दफे नहीं होगा, बल्कि रावण अपने राक्षसी पाप से हमारी औलाद को भी गारत कर देगा. इस वजह से तमाम जहान ने एक दिल होकर रावण को मय औलाद के जान से मार दिया, कि रावण के घर में चिराग करने वाला भी नहीं रहा; यह बात दुनियाँ में अच्छी तरह से मशहूर है, परन्तु अब शनिचर की तरह से इन बनियों ने अपने राक्षसी पाप से कलपाया है परन्तु पाप तो वो का वहीं है कि जैसा रावण कराता था, उसी तरह से इन बनियों का भी राक्षसी पाप चल रहा है कि जो दुनियाँ के नाम से और जमीन माता के नाम से

करा रहे हैं. सो यह बनिये अपने राक्षसी पाप से मुझको इस तरह से सुझाते हैं कि हम तुमको अपने राक्षसी पाप से मार देंगे, इससे मैं भी शनिचर की तरह से बनियों को समझाता हूँ कि जहाँ पर बनियों का मेला होता है और सब पंच सौदागर लोग जमे होते हैं, वहाँ पर जा-जा के समझाता हूँ कि "तुम अपने राक्षसी पाप को छोड़ दो सो कोई तो सौदागर लोगों में से यह कहता है कि जिसने चलाया है उसको मारो, और कोई यह कहता है कि हमको खबर नहीं और कोई यह कहता है कि अभी तो हमारा राक्षसी पाप रावण की तरह से खूब चलेगा और बंद नहीं होगा." जिस पर मैंने बनियों से यह कहा कि तुम लोग एका करके रावण की तरह करते हो, सो छोड़ दो तो भविक्षण की तरह से तुम महाजन लोग भी तिर जाओ, क्योंकि जाल तुम्हारा है, एक शख्स से नहीं चल सकता है, यह तो सब मिल कर चलाते हैं, जब ही चलता है, सो तुम छोड़ दो; क्योंकि जिस कदर तुम्हारा

एका = संगठन

जाल चल रहा है, वो मैंने पकड़ लिया है सो तुम्हारे छुपाने से नहीं छुपता है और जो कि अब मेरे सामने ही इनकार करते हो तो संसार के लोगों को किस वास्ते अपने पाप को बताओगे, क्योंकि जो मेरे सामने ही इन्कार करते हो, कि जो मुझको तुम्हारा राक्षसी पाप कुल मालूम है परन्तु इन्होंको तो मालूम नहीं है; सो फिर इन्होंको किस वास्ते बताओगे और तमाम जहान को गारत कर दोगे और सब संसार का धन अपने कब्जे में कर लोगे. जब मैंने इन्होंसे कहा कि ''रावण की भी नहीं चली थी तो तुम सौदागरान की कब चलेगी,'' इस वास्ते तुम अपनी औलाद बचने के वास्ते राक्षस विद्या का पाप छोड़ दो, क्योंकि जिस तरह से रावण का जाल शनिचर ने देखा था और रावण से राक्षसी पाप शनिचर ने अपनी जिन्दगी में ही छुड़ाया था, उसी तरह से ''अब तुम सौदागर लोग मेरे जीते जी छोड़ दो, नहीं तो रावण की तरह से

तुम्हारी जान भी कुल जहान के लोग एक दिल होकर निकाल देंगे'' कि जो मेरे सामने नहीं छोड़ोगे, क्योंकि रावण ने शनिचर से अपने पाप को छुपाया था और कुछ बताया था और कुछ नहीं बताया था इससे शनिचर ने रावण के पाप को तमाम जहान में जाहिर कर दिया कि रावण ने कुल पाप नहीं बताया है, सो जिस तरह से तुम्हारे दिल में आवे उसी तरह से रावण के राक्षसी पाप को छुड़ाना, चुनांचे तमाम जहान ने शनिचर के कहने पर यकीन करके रावण की जान ही निकाल दी, उसी तरह से अब मैं भी तुम सौदागरान के पाप को छोड़ाना चाहता हूँ क्योंकि तुम सौदागर लोग बड़े बेईमान हो कि तुम राजा - बादशाह के सामने कसम खा-खा के बच जाते हो और उनसे यह कह देते हो कि हमने पाप करना छोड़ दिया, इससे कुछ सख्त सजा वगैरा नहीं देते हैं परन्तु जहाँ पीढ़ी, दो पीढ़ी गुजरी और अपना पाप करना शुरू कर दिया, गर्ज की

इसी तरह से चलाते रहते हो परन्तु "अब, जब तक कि कुल पाप को नहीं छोड़ोगे, हरगिज-२ जीता नहीं छोड़ने दूँगा और संसार के हाथों से तुम सौदागरान को मरवा दूँगा," क्योंकि तुम ऐसे बदमाश हो कि अपने पाप से तमाम जहान को गारत कर देते हो और दया नहीं करते हो, बल्कि तुमने अपने राक्षसी पाप से सबकी बुद्धि भ्रष्ट कर दी है कि जो मैं राजा बादशाहों के पास मिलने को जाता हूँ और पाप से वाकिफ करता हूँ, तो तुम सौदागर लोग अपने राक्षसी पाप से राजा -बादशाहों के दिल में मुझ गरीब को 'अहमक' सुझाते हो और राजा -बादशाहों को समझाने नहीं देते हो, बल्कि तमाम जहान के लोगों से मुझको गालियाँ दिलाते हो और रात-दिन पाप कराते रहते हो और छोड़ना नहीं चाहते हो और जो मैं उनसे न समझने के सबब से लड़ने को लग जाऊँ और नाराज होकर समझाऊँ जब वो समझने वाले मुझको मारने लग जावें, सो यह फितूर तुम

जीता = जिन्दा

सौदागरान के राक्षसी पाप का ही है क्योंकि तुम संसार को समझने नहीं देते हो और सबकी अकल खराब कर रहे हो कि जो तुम सौदागर लोग हमको अपने पाप से बुद्धि फेरके लोगों के हाथों से धक्के दिलवाते हो. सो यह तुम सौदागरान की जालसाजी है कि सभों की अकल को अपने राक्षसी पाप से भ्रष्ट कर दी है, इससे संसार के लोगों को ऐसा ही सूझता है, सो ऐ संसार के लोगों, तुम अपने दिल से इनके राक्षसी पाप को समझो कि किस कदर जाल इन बनियों का चल रहा है कि जिस जाल से तुमको अच्छे - बुरे हाल की खबर नहीं पड़ती है, कि जो बुरा काम करते हो उसको ही अच्छा समझते हो और अच्छे काम को बुरा समझते हो, सो यह राक्षसी पाप बनियों का चलाया हुआ है; सो जब तक कि तुम इन बनियों के जाल को नहीं समझोगे और नहीं छोड़ाओगे जब तक यह बनिये इसी तरह से चलाये जावेंगे, कि जिस जगह मैंने लोगों को समझाया तो

वहीं पर इन बनियों ने उनकी बुद्धि फेरके मेरे को धक्के लगवाये, लेकिन जब तक कि वोह लोग पाप की वजह से भूले हुए थे और समझते नहीं थे बल्कि उन्होंको धक्के देने का ही सुझाते थे, इससे मुझको धक्के दिए; परन्तु ''जब वो लोग इन बनियों के पाप को समझे तो वोह लोग ही मुझको अपना गुरू समझने लगे. सो ऐ संसार के लोगों! मैं तो किसी का गुरू हूँ ना चेला हूँ और ना किसी को अपना चेला करता हूँ'' कि जो इन बनियों ने रावण की तरह से सबकी अकल खराब कर दी है, कि जो अपनी चोरी को संसार पर जाहिर नहीं होने देते हैं; सो संसार में इनकी चोरी बगैर बताये के किस तरह मालूम हो सकती है, क्योंकि यह बनिये गुप्ती पाप करा रहे हैं, कुछ जाहिर थोड़ा ही कराते हैं कि जो दुनिया को मालूम हो जावेगा, क्योंकि ''जिसने राक्षस विद्या की चोरी पकड़ी है और संसार में जाहिर की है वो जीवदान देने वाले के बराबर है.'' सो इस बात को वेद शास्त्रों में भी

कहते हैं और लिखते भी हैं,परन्तु मैं तो दुनिया के बच्चे मरते हुए देखता हूँ इससे उनके जिन्दा रहने के वास्ते बनियों के पाप को परमेश्वर के लेखे जाहिर करता हूँ, कि दुनिया इस जाल से वाकिफ होकर इन बनियों के पाप को अपने बच्चे जिन्दा रहने की गर्ज से, और कम उमर में ना मरने की वजह से तमाम जहान के लोगों को वाकिफ करता हूँ परन्तु नहीं समझते हैं सो यह बात ख्याल करने के काबिल है कि तमाम जहान के बच्चे बचने के सबब से इन बनियों के जाल से वाकिफ करता हूँ, हालांकि मेरे बदन में इस कदर ताकत नहीं है कि समझाऊँ और धक्के खाऊँ, परन्तु 'तमाम जहान के बच्चे बचने के गर्ज से धक्के खाता हूँ और समझाता फिरता हूँ, मगर बाजे शख्स ऐसे मिल जाते हैं कि धक्के देते हैं और समझते नहीं हैं; सो यह बुद्धि भ्रष्ट होने का सबब है लेकिन ''जिस वक्त मेरे पर ऐसा नाजुक वक्त गुजरता है उस वक्त गम खा जाता हूँ, हालांकि बनियों के जाल को लिखाने में

बदन के अन्दर कांपनी छूट जाती है कि जो मारे कमजोरी के बदन से पसीना निकलता है'' परन्तु संसार के बच्चे तिरने के वास्ते अपने ऊपर ऐसी तकलीफ वाजबी जानकर इन बनियों के पाप को तमाम खलकत में समझाता फिरता हूँ कि सब संसार मिलके और एक दिल होकर बनियों के जाल को छोड़ाओ जब इनका जाल दफे होगा और जिस कदर कि इन बनियों ने मुझको अपने राक्षसी पाप से दुखी किया है, सो इतना तो शनिचर को भी रावण ने दुखी नहीं किया था; क्योंकि शनिचर ने रावण के राक्षसी पाप को पकड़ा था और पकड़कर शनिचर ने रावण के राक्षसी पाप से तमाम जहान को वाकिफ किया और शनिचर ने रावण के भाई विभीषण को राक्षसी पाप के बारे में कहा कि तेरे भाई रावण ने दुनियाँ के नाम से और जमीन के नाम से राक्षसी पाप कराया है, जिसकी मुझको अच्छी तरह से खबर है और मैंने रावण की चोरी पकड़ी है, सो संसार के बच्चे

बचने के लिए संसार के हाथों से ही रावण के राक्षसी पाप को छोड़ाउंगा. चुनांचे इस बात के सुनने से विभीषण अपने दिल में निहायत दर्जे डरा और अपना कुल बचने के वास्ते अपने भाई रावण का, राक्षसी पाप को बताया, कि रावण ने जिस कदर पाप दुनियाँ के नाम से चलाया था, क्योंकि शनिचर को भक्ति के सबब से रावण का कुल जाल मालूम हो गया, इससे शनिचर ने इसके बचाने के बारे में निहायत कोशिश की और कोशिश करके छोड़ा दिया, मगर इन बनियों ने अब फिर राक्षसी पाप चला दिया, सो इनका पाप चल रहा है, जिसकी खबर अब तक संसार को बिलकुल नहीं है, परन्तु बनियों ने अब मुझको अपने राक्षसी पाप से दुखी किया है कि जिस तरह से रावण ने अपने राक्षसी पाप से शनिचर को कलपाया था, उसी तरह से इन बनियों ने मुझको दुखी किया है; परन्तु जिस तरह से शनिचर ने विभीषण से रावण का राक्षसी

पाप दरियाफ्त किया था और विभीषण से यह कहा था कि जो रावण का राक्षसी पाप तू मुझको बता देगा तो तेरी औलाद भी सलामत रह जावेगी. चुनांचे विभीषण ने अपनी औलाद सलामत रहने के सबब से रावण का राक्षसी पाप बता दिया, गर्ज कि इसी तरह से मैं भी इन बनियों से दरियाफ्त करता हूँ और यह कह रहा हूँ कि शनिचर की तरह से मुझको तुम बनियों का राक्षसी पाप मालूम है, सो तुम सौदागर लोग मुझको अपना राक्षसी पाप बता दो, तो तुम भी विभीषण की तरह से तिर जाओगे और अपनी औलाद को सलामत रखोगे; परन्तु यह बनिये बड़े जालसाज और बदमाश हैं, इससे अपनी चोरी को जाहिर नहीं होने देते हैं और रात-दिन पाप करा रहे हैं जिसका हाल चन्द जगह किताबों में लिखा हुआ है और मैं भी इन बनियों के जाल को इस किताब में जगह - जगह वास्ते वाकिफियत, आम लोगों के

लिख चुका हूँ, कि जहाँ पर गुप्ती पाप दुनियाँ के नाम का करा रहे हैं, इससे अब मेरी अर्ज यह है, कि अब तुम संसार के लोग एक दिल होकर इन बनियों के राक्षसी पाप को छुड़ाओ, जिससे संसार की औलाद बचे, ''सो इनका जाल मेरे जीते जी छुड़ाओगे जब तो छूट जावेगा वरना फिर नहीं छूटेगा,'' क्योंकि यह रावण की तरह से राक्षसी पाप अलोप करा रहे हैं और दरियाफ्त करते हैं तो नहीं बताते हैं, परन्तु इन बनियों का जाल जब ही दफे होगा कि जिस तरह से तमाम जहान ने एक दिल होकर रावण का राक्षसी पाप छोड़ाया था, उसी तरह से बनियों का पाप भी सब जहान के लोग एक दिल होके छुड़ावेंगे तो छूट जावेगा क्योंकि इन बनियों ने सबकी बुद्धि ऐसी खराब करदी है कि जो मैं समझाता हूँ तो नहीं समझते हैं और हँसने लगते हैं, सो यह न समझने का सबब है और जब समझेंगे फिर कभी नहीं हँसेंगे, और न मेरी कही हुई बात को मश्खरी - मजाक

समझेंगे. सो यह बात काबिल ख्याल करने के है कि जो मैं समझाता हूँ लेकिन तमाम जहान के लोग अकल फिरने के सबब से ऐसा कहने लगते हैं कि 'बाबा गैला हो गया है और कोई यह कहना है कि वहम हो गया है इससे इधर-उधर बकता फिरता है' और कोई यह कहता है कि 'बाबा का माल असबाब और जमीन जायदाद को किसी बनिये ने ले ली है जिससे इन्होंको बदनाम करता है' सो भाई मेरे, मेरा तो किसी बनिये ने माल- असबाब वगैरा नहीं लिया है, परन्तु तुम्हारी अकल इन बनियों ने अपने राक्षसी पाप से न समझने के लिए फेर दी है, जिससे तुम लोग अपने मुँह से मुझ गरीब को ऐसी-२ शख्त बातें कहते हो, लेकिन जो कि राक्षसी पाप को जहान में प्रगट करता है वोह अच्छा समझा जाता है और पहले जिन शख्सों ने राक्षसी पाप को संसार में जाहिर किया है और दफे कराया है वोह भी अच्छे समझे गए हैं; सो भाई मेरे हो, परमेश्वर की जो रचना है सो

सब संसार के लोग औतार ही हैं, मगर अपनी- अपनी भक्ति का फल अलाहदा-२ है, क्योंकि जो भक्ति करता है उसकी भलाई दुनियाँ में रहती है और जो बुराई करता है उसकी बुराई रहती है. सो मैं तो संसार में कोई बुरा काम नहीं करता हूँ बल्कि तमाम जहान के बच्चे बचने के लिए अपने सर पे बोझ उठाकर भलाई करता हूँ ताकि सब संसार को सुख प्राप्त होवे तो उमदा है, इससे मैं बनियों की चोरी को जो गुप्ती पाप दुनियाँ के नाम का करा रहे हैं उसको आप लोगों के दिल में प्रगट कर रहा हूँ कि इन बनियों का जाल दफे हो जावे तो कैसी उमदा बात है; परन्तु जैसी-जैसी बात तमाम जहान के लोग मुझसे कहते हैं वो मैं ही जानता हूँ बल्कि इस ही 'वरक' के ऊपर लिख चुका हूँ सो बनिये राक्षसी पाप से ऐसी -२ बातें सख्त कहलाते हैं तो उसके सुनने से मेरे दिल में कैसी बुरी आती हैं, परन्तु कुछ भी किसी से नहीं कहता हूँ बल्कि खुशामद करके और बनियों के जाल को देख -२

के समझाता हूँ तो भी तमाम दुनियाँ ख्याल नहीं करती है; सो ऐ भाईयों, यह ख्याल करने की बात है इससे तुमको बार-२ समझा के हिदायत करता हूँ कि मेहरबानी करके और मेरी आजीजी पर खयाल फरमा के इस काम को भी समझो और ख्याल करो, क्योंकि मैं सिर्फ तुम्हारे बच्चे बचने के वास्ते इन बनियों के जाल को समझाता हूँ और 'तुम लोग पागल और सिरड़ी कहते हो, सो मेरे दिल में कैसी बुरी आती है कि सर फोड़के मर जाऊँ' परन्तु इस ख्याल से ऐसा नहीं किया जाता कि जो मैं ही इन बनियों के जाल से वाकिफ नहीं करूँगा तो फिर कौन करेगा? क्योंकि इन बनियों ने मुझको अपने जाल से कलपाया है इससे मैं बनियों की चोरी जाहिर करता हूँ और इसी वजह से मैं अपने ऊपर यह काम उठाके इन बनियों के जाल से वाकिफ करता हूँ और किसी के बुरे-भले कहने को ख्याल में नहीं लाता हूँ और जगह -२ जाके समझाता फिरता हूँ, सो सच -२ जानना और

सिरडी = जिसका सर खराब हो

सब संसार के लोग इन सौदागरान के पाप को छोड़ाने की कोशिश करो, क्योंकि रावण और हरनाकुश और कंश, कारून वगैरा ने पहले भी राक्षसी विद्या का पाप चलाया था और अपने दिल में यह विचार किया था कि चारों कूंट में अपना राज करूँ, जब मेरी मरदानगी है, परन्तु उनके राक्षसी पाप की चोरी सब संसार में प्रगट हो गई, इससे कुल संसार ने उनके पाप का बन्दोबस्त करके छोड़ा दिया था, परन्तु रावण की तरह से इन बनियों ने भी राक्षस विद्या का पाप चलाया है, सो चारकूंट में राज करने के वास्ते और दिल में यह भी विचारा है कि हम बनिये तमाम जहान में अपना राज करें. इससे मैं आपको बार-२ इन बनियों के जाल से वाकिफ करता हूँ कि यह बनिये लोभ ही लोभ में तमाम जहान को गारत कर देंगे, परन्तु यह महाजन लोग अलाहदा के अलाहदा रह जावेंगे, सो सब संसार को आपस में लड़ाके मार देवेंगे, इससे तमाम जहान के लोग

जल्दी एक दिल हो जाओ जिससे तमाम जहान के लिए बेहत्तर है, नहीं तो तमाम जहान की औलाद रहने की नहीं है; और अपने हिन्दुस्तान में तो सरपंच तुम अंग्रेज ही हो, इससे मैं साध (अनोपदास) हाथ जोड़कर अर्ज करता हूँ कि इन सौदागर महाजनान के जाल की पहचान करो और इनके जाल को छोड़ाने का बंदोबस्त जल्द करो और यह भी समझने की बात है कि इन बनियों के जाल की किसी जात में खबर नहीं है, कि यह बनिये हमको जाल से मारते हैं तो भी हिन्दू-मुसलमान इन बनियों का किस कदर दिल रखते हैं कि जैसे बच्चे अपने माँ-बाप का दिल रखते हैं और माँ बाप बच्चों का दिल रखते हैं; उसी तरह से हिन्दू - मुसलमान इन बनियों का दिल रखते हैं, सो दुनियां में सब ही जानते हैं और कहते हैं कि बनिये माई - बाप हैं, क्योंकि बादशाहों ने इन सौदागरान को ऐसी पदवी दी है कि 'पहले शाह और पीछे बादशाह'. सो यह बात काबिल ख्याल करने की है,

कि यह सौदागर महाजनान करोड़ों तरह के जाल जाहिर करते हैं, तो भी राजा-बादशाह और रैयत इन सौदागरान को ही सच्चा जानते हैं कि जिससे शाह की पदवी इन सौदागरान को बख्श रखी है कि जो आगे बाप का नाम आता है और बाद में बेटे का, परन्तु इसकी असली वजह यह है कि बादशाहों को इस बात की बिलकुल खबर नहीं है, कि यह महाजन लोग मिलके दगा करते हैं बल्कि वो तो ऐसा जानते हैं कि यह बनिये बड़े सती हैं और नेक हैं जिससे इन महाजनान को शाह की पदवी दे रखी है, कि जो पहले इन सौदागरान का नाम आता है और उसके बाद बादशाह का नाम आता है. सो यह बात काबिल गौर करने की है कि राजा -बादशाह इन सौदागरान का इस तरह से तो लाड़ रखते हैं और कहते हैं कि ''जहाँ सौदागर महाजनान नहीं, वहाँ राज नहीं'' सो ऐ तमाम जहांन के राजा -बादशाह और रैयत, अपने-२ दिल में, साथ गौर के ख्याल करके देखो

कि इन महाजनान के ऐसे -२ तो भरोसे और ऐतबार करते हैं तो भी सौदागर महाजनान अपने फरेब और बदमाशी से बाज नहीं आते हैं और रावण की तरह से दरियावों के पार किसी टापू के ऊपर यह सौदागर महाजनान गुप्ती पाप करा रहे हैं, जिससे संसार में बीमारियाँ साल-ब-साल होनी शुरू हो जाती हैं और इन 'नाकिस बीमारियों' से करोड़ों आदमियों को मार देते हैं, जिसकी तारीफ तमाम जहान के लोग अपनी-२ जबान से अदा करते हैं, कि यह परमेश्वर की कुदरत है और सिवाय परमात्मा के कौन ऐसा कर सकता है? सो भाई मेरे, हिन्दू -मुसलमान, अंग्रेज वगैरह यह बात काबिल सोचने और ख्याल करने के है कि जिस तरह से राजा रावण ने और हरनाकुश राजा ने और कंश राजा वगैरह ने मेह को और मौत को अपने बस में कर रखा था, उसी तरह इन सौदागर महाजनान ने भी मेह को और मौत को अपने बस में कर रखा है जिससे काल वगैरा पड़ जाते हैं और हजारों तरह की

बीमारियाँ हो जाती हैं; यह सब सौदागर महाजनान के घर का राक्षसी पाप है, क्योंकि परमेश्वर ने सब जीवाजून को तरह -२ के आराम दिये हैं और कोई बात दुनियाँ के आराम देने के लिए बाकी नहीं रखी. सो भाई मेरे हो "कि जो शख्स, जो चीज अपनी कुदरत से बनाता है वो हरगिज -२ अपने हाथ से नहीं बिगाडता है और वो चीज उसी हालत में खराब होती है कि जब उसकी उमर पूरी हो जाती है" परन्तु अब कोई इस बात को गौर करो कि जब दिन बहार के आते हैं तो झाड़ वनस्पति वगैरा उस जंगल 'बयाँबान' में जहाँ वनस्पति के सिवाय दूसरी चीजों का नाम नहीं होता, तो वो कैसे सुहावने और अच्छे दिखलाई देते हैं और जब दिन पतझड़ के आते हैं, तो दरखत वगैरा उस बयाँबान में, कि जहाँ सिवाय दरखतों के दूसरी चीजों का नाम नहीं होता, कैसे बुरे मालूम होते हैं? और पतझड़ होकर सूखे दरखतों के मानिन्द हो जाते हैं, परन्तु पत्ते पीले जरद होकर और

मानिन्द = तरह

उमर पाके गिरते हैं और बगैर उमर पूरी होने के एक पत्ता भी दरखत की डालियों में से हरगिज-२ नहीं गिर सकता है; हाँ! ऐसा अलबत्ता हो सकता है कि अगर कोई आदमी हाथ से पत्तों को या डालियों को तोड़े, तो बेशक कच्ची उमर में तोड़ सकता है या राक्षसी पाप से तोड़ सकता है, कि जब दरखतों वगैरा के नाम का राक्षसी पाप कराते हैं तो ज्यादा हवा और आँधी वगैरा चल करके करोड़ों दरखत जड़ समेत उखड़ करके गिर जाते हैं, तो पत्तों का गिरना क्या मुश्किल है? परन्तु यह राक्षसी पाप से हो सकता है और राक्षसी पाप के चलाये वगैर और कोई भी ऐसा नहीं कर सकता है, फिर आदमी की भी उमर इसी तरह से है, क्योंकि बगैर पूरी उमर के हरगिज-२ नहीं मर सकता है और न दरम्यान में बगैर पूरी उमर के ईश्वर मारता है और अब जो साल-ब-साल करोड़ों आदमी कच्ची उमर में ही मर जाते हैं और यह ख्याल करने की बात है कि पहले सतजग में क्या कोई और दूसरा मालिक

था, कि जो पूरी उमर पाके मरते थे? और इस जमाने में क्या मालिक दूसरा है जो पहले के सी उमरें नहीं होती ? सो खूब सोचलो! कि इन बनियों का यह मतलब है कि पाप करा-२ के संसार को मार देवें और जब संसार थोड़ा रह जावे जब सब विलायतों में हम अपना राज कर लेवें. इस बात की तलाश अंग्रेज वगैरा भी नहीं करते हैं लेकिन उनको भी असली भेद नहीं मिला, मगर कच्ची उमर मे मरने का असली भेद यह है कि आदमी बगैर जादू के कच्ची उमर में नहीं मरता है और न यह ईश्वर का हुक्म है; हाँ; जादू के जुलम से कच्ची उमर में मर सकता है जिसकी खास वजह यह है कि जिसके नाम का जादू यह सौदागर महाजनान कराते हैं, तो वो ही मर जाते हैं और जिसके नाम से जादू नहीं कराते हैं वोह नहीं मरते हैं; सो यह जादू का काम दरियाओं के किसी टापू के ऊपर करा रहे हैं कि जहाँ सिवाय सौदागर महाजनान के और कोई नहीं जा सकता है,

परन्तु यह सौदागर महाजनान ऐसे बदमाश और बेईमान हैं कि जाहिरदारी में तो बहुत ही गरीब होके रहते हैं और लोगों को दिखाने के लिए इस कदर भक्ति में चलते हैं कि बनियों के बराबर कोई भक्त नहीं है, सो यह बनिये बेईमान लोगों को दिखाने के वास्ते भक्ति करते हैं कि हमारा जाल किसी पर जाहिर नहीं होगा; अगर किसी को मालूम भी हुआ तो हमारे पुण्य को देखके लोग हमारे जाल पर यकीन नहीं लावेंगे, इससे तमाम जहान के बनियों को देख लो कि बनिये लोग जाहिरदारी में किस कदर पुण्य वगैरा करते हैं! और छांने में कपट ही कपट और दगा ही दगा कर रहे हैं कि जैसे रावण करता था; उसी तरह से यह बनिये भी कर रहे हैं और जिस तरह से रावण संसार के हाथों से देवताओं के ऊपर हाड़-मांस डलवाता था, उसी तरह यह बनिये भी अब देवताओं पर हाड़ - मांस को संसार के हाथों से डलवा रहे हैं. सो संसार का तो कुछ दोष नहीं है,

क्योंकि उनको जादू से बीमार करके देवताओं का सुझा देते हैं कि देवताओं ने बीमार कर डाला है, जब हाड़ मांस वगैरा देवताओं के ऊपर डालते हैं और जादू से काल वगैरह भी पड़ा देते हैं और दुनियाँ को जादू से यह सुझाते हैं कि अबके देवताओं की पूजा नहीं की, जिससे काल पड़ा है; फिर दुनियाँ देवताओं के ऊपर जीवड़ों को मारने लगती है, तो फिर सौदागर महाजनान पाप को कम कर देते हैं तो कुछ मेह बरस जाता है और अगर यह महाजन जादू का पाप नहीं छोड़े तो हरगिज नहीं बरसे, चाहे सारी दुनिया के जीव देवताओं के ऊपर मार देवे; तो फिर दुनिया कहती है कि अबके मालिक की ही मरजी मेह बरसाने की नहीं है, सो यह बातें उन मुलकों में होती हैं कि जीव जिन -२ मुलकों में देवताओं के ऊपर मारते हैं, सो तलाश करके देख लो परन्तु राजा -बादशाह इन महाजनान के जाहिर को देख के भरोसा करते हैं, अगरचे अन्दरूनी हाल मालूम होवे तो हरगिज -२ इन बनिये बेईमानों का

भरोसा नहीं करे; परन्तु तमाम जहान के लोगों की बुद्धि अपने राक्षसी पाप से ऐसी खराब कर दी है कि जो समझते ही नहीं हैं, कि जैसे तमाम जहान के राजा बादशाहों की अकल को रावण ने खराब कर दी थी, उसी तरह पर इन बनियों ने भी की है कि जो समझाये से भी नहीं समझते हैं और यह बनिये राजा -बादशाहों को आपस में लड़ाके मार देते हैं परन्तु अपने राक्षसी पाप को ऐसे करते हैं कि बिलकुल जाहिर नहीं होने देते हैं, इससे राजा -बादशाह, हिन्दू-मुसलमान वगैरह यह नहीं जानते हैं कि राक्षस विद्या का जाल इन बनियों ने भी बलराजा के बाद से रावण के मुवाफिक चलाया है जिसकी खबर किसी राजा - बादशाह को अब तक नहीं है, अगरचे खबर होती तो जरूर इन बनियों का जाल दफे करने के लिए बंदोबस्त करते और इन्होंका ऐतबार नहीं करते; परन्तु बड़ी भारी अकल इन बनियों ने यह की, कि पहले तमाम जहान के राजा- बादशाहों की अकल और रैयत की

ऐसी फेर दी है कि जो जाल इन बनियों का जाहिरदारी में चल रहा है वो मेरे नजदीक बहुत ही बद है, जिसको तमाम जहान के लोग खास जाल ख्याल करते हैं, बल्कि बनियों की बड़ाई करके और बनियों का जाल ख्याल करके अपनी -२ जबान से यह कहते हैं कि यह कोई जाल बनियों का नहीं है, यह तो परमेश्वर की कुदरत है जिससे तमाम खलकत इन बनियों का भरोसा दिल से कर रही है और यकीन से इन बनियों के जाल को कुल संसार के लोग ईश्वर की कुदरत जानते हैं और यह नहीं समझते हैं कि यह परमेश्वर की कुदरत नहीं है, लेकिन जबकि बुद्धि कैद हो जाती है. अलावा इसके संसार के लोग यह भी कहते हैं कि हम सब लोग बनियों के सहारे से ही पलते हैं, अब तुम लोग अच्छी तरह से समझो और देखो कि ''जब रावण ने राक्षसी पाप चलाया था जब तमाम खलकत परमेश्वर को भूल गई थी और रावण के राक्षसी पाप की

माला फेरती थी'' और यह कहती थी कि रावण के सहारे से ही पलते हैं और रावण वगैरा की तरह से, कि जबसे इन बनियों ने राक्षसी पाप चलाया है जबसे इनकी माला फेरते हैं और कहते हैं कि हम बनियों के सहारे से ही पलते हैं, इससे बनिये माई-बाप हैं; सो देखो भाई, जिस तरह से रावण के वक्त में और हरनाकुश के और कंश राजा के वक्त में और कारून बादशाह के वक्त में परमेश्वर को भूल गये थे और उन्होंके जाल की माला फेरते थे, उसी तरह से 'अब इन बनियों के जाल की माला फेरते हैं' और ईश्वर को भूल गये हैं और बनियों के जाल को ईश्वर की कुदरत बोलते हैं और इनके जाल के ऊपर जरा भी ख्याल नहीं करते हैं बल्कि इन्होंके ऊपर ऐसे-२ लाड़ रखते हैं कि जिस तरह से माँ और बाप के हुकम को बेटा - बेटी उठाते हैं और अपने बुजुर्गों के सामने सर को झुकाते हैं. अगरचे उन बच्चों को कोई शख्स, कोई बात भली-बुरी कहवे

तो वोह बच्चे अपने माँ–बाप से जाकर उस बात को उसी वक्त कह देते हैं और किसी तरह का डर अपने दिल में नहीं रखते हैं, तो इसी तरह से हिन्दू–मुसलमान बुरी–भली बात बनियों से छुपा के नहीं रखते हैं और बनियों के ऊपर लाड़ रखते हैं; सो सब जहान के लोगों तुम अपनी–२ आँखों से देख ही रहे हो कि जैसा हो रहा है और मैं देख रहा हूँ कि जिस तरह से यह बनिये कहते हैं और सलाह करते हैं उसी तरह से होता है बल्कि ''हिन्दुस्तान में तो बनियों का ही डाला निमक पड़ता है'' परन्तु हिन्दू–मुसलमान इन बनियों का लाड़ तो हमेशा से ही रखते हैं और बनिये बेईमानों का माजना देखो कि जबसे इन्होंने राक्षसी पाप चलाया है जबसे संसार का बुरा कर रहे हैं, सो ऐसे–२ तो हिन्दू–मुसलमान इन बनियों के लाड़ रखते हैं परन्तु यह बनिये ऐसे बदमाश और हरामकार हैं कि यह अपनी हरकत से बाज नहीं आते हैं; सो इन बनियों के जालों को और

निमक = नमक, माजना = नीति

बेईमानियों को तमाम जहान के राजा -बादशाह और हिन्दू-मुसलमान और अंग्रेज वगैरह मुलाहजा करो और सोचो कि इन बनियों ने जादू के जोर से अव्वल ही अव्वल में तो राजा -बादशाहों के खजानों को जमीन के रास्ते से खेंच लिया है और खेंच लेते हैं याने जमीन को फाड़-२ के और जिन बादशाहों को, कि खराब कर दिया है, सौ उन बादशाहों के खजानों को जादू के जोर से पहले ही खेंच लिया था कि जो खजाना कदीमी थे, परन्तु जबकि यह बनिये किसी के खजानों को खेंचना चाहते हैं तो पहले जमीन के फटने के नाम का जादू कराते हैं जब जादू के जुल्म से जमीनमाता फट जाती है, जब राजा-बादशाहों के खजानों को खेंच लेते हैं, परन्तु जादू सौदागर महाजनान समुद्र के ऊपर किसी टापू में कराते हैं कि जहाँ चौरासी लाख कुण्डियाँ राध लहू की बनाई हैं, सो दुनिया में उस पाप की सब तारीफ और बिखान करते हैं कि मालिक के घर में

मुलाहजा = सलाह, मशविरा, कदीमी = आदू

चौरासी लाख कुण्डियाँ राध लहू की नारगी पड़ने की हैं, सो इन बनियों ने उस गुप्ती पाप का किस्सा चला दिया है, सो सुन २ के कहते हैं और इन बनिये महाजनान ने स्वर्ग और नर्क भी रावण की तरह से बनाया है सो जबकि 'चौरासी लाख जीवाजून को चौरासी लाख कुण्डियों के ऊपर दुख देते हैं जब जादू चलता है और जिस तरह के जाल कि दुनिया में तरह-२ के चल रहे हैं यह बनियों के घर का ''इन्द्रजाली'' पाप है और इसी ''इन्द्रजाली'' पाप से तमाम राजा बादशाहों की अकल और संसार के लोगों की अकल फेर रखी है जिससे यह सौदागर अपने जाल को संसार के लोगों पर जाहिर नहीं होने देते हैं और खजानोंको खेंच लेते हैं और राजा बादशाहों को और संसार के लोगों को ऐसा सुझा देते हैं कि धन सरक गया और राजा बादशाह और संसार के लोग ही ऐसा कहने को लग जाते हैं कि लक्ष्मी सरक गई है और यह नहीं कहते हैं कि यह

नारगी = अथाह व्याधि

बनियों के घर का राक्षसी पाप है परन्तु वो किस तरह से कहें, क्योंकि उनकी अकल तो राक्षसी पाप में कैद हो रही है इससे वो जाल को नहीं पहचानते हैं और जिस तरह से कि यह बनिये जादू के जोर से खजानों को खेंच लेते हैं, उसी तरह से यह बनिये मंदिरों की पुतलियों को भी संसार के भुलाने के लिए जमीन को फाड़-२ के उड़ा देते हैं और मन्दिरों को भी उड़ा देते हैं और फकीरों के दिल में और जतियों के दिल में और राजा बादशाहों के दिल में ऐसा सुझा देते हैं कि जोगी-जती बड़े करामाती हैं; सो जोगी-जती अपने दिल में यह कहने को लग जाते हैं कि हम बड़े करामाती हैं और सिद्ध हो गये हैं, जिससे संसार के लोग भी यह जानते हैं कि जोगी-जती बड़े करामाती हैं, परन्तु जोगी-जती जिन्दा 'समाधि' लेते हैं, जिसकी वजह यह है कि सौदागर महाजन जादू के जोर से जमीन को फाड़ देते हैं. सो जमीन को सौ कोस तक फाड़के पोली कर देते हैं, जब वो

जतियों = जाप करने वाले साधु, खजानो = धन-सोना, चान्दी, हीरे पन्ने इत्यादि, जोगी -जती = पंडित, महात्मा, विद्याधारी

जती-जोगी सौ कोस के ऊपर रास्ते से होके बाहर निकलते हैं, सो यह बात काबिल गौर करने के है कि जहाँ तक इन बनियों के दिल में आता है उसी कदर जमीन फाड़के जादू के जुलम से पोली कर देते हैं, सो अगर यह बनिये अपने राक्षसी पाप से जमीन को कोस दो कोस में फाड़ देवें जब तो जती-जोगी कोस, दो कोस के ऊपर जाके बाहर निकलते हैं, अगरचे तीन-चार कोस जमीन को फाड़ देवें तो तीन -चार कोस के ऊपर जाके बाहर निकलते हैं और जो ज्यादा दूर तक फाड़े तो ज्यादा दूर पे जाके निकलते हैं और जो कम जमीन को फाड़े तो कम दूर पे जाके बाहर निकलते हैं; और यह बनिये ऐसा भी करते हैं कि जो पहले जमाने में भक्त लोग महादेव और देवी-देवता वगैरा हुए हैं उनकी समाधियों के ऊपर मंदिर वगैरह बना दिए हैं और उनकी समाधियों के ऊपर लोग बकरा वगैरा चढ़ाते हैं कि जिनके गुण तमाम जहान के लोग गाते हैं और उनकी

पूजा करते हैं, तो यह बनिये लोग जादू के जोर से जमीन को फाड़के और उनके मन्दिरों की पुतलियों को जिस कदर दूर पे बाहर निकालना मंजूर होवे, निकाल देते हैं और दुनियाँ को अपने जादू से ऐसा सुझा देते हैं कि देवी-देवता वगैरा फलानी जगह पर निकले हैं और यह रोग जमीन माता को इस तरह का है कि जैसे आदमी के बदन मे बादी की सोजन और चीस और चबक हो जाती है और वो सोजन और चबक और चीस मिसलन आदमी के सर में होवे और वो एक साथ ही फौरन पाँव में आ जावे और पाँव में से कमर में आ जावे, उससे आदमी को बहुत सख्त तकलीफ होती है कि मरने लायक हो जाता है, इसी तरह से यह महाजन लोग बादी का रोग जमीनमाता को कर देते हैं जब उनको किसी खजानों या मंदिर और मंदिर की पुतलियाँ वगैरा और फकीर वगैरों को जल्दी खेंचना मंजूर होवे तो जमीनमाता को बादी की चीस का रोग कर देते हैं कि वो

चीस और चबक = एक तरह की पीडा - चुम्बक की तरह शरीर के किसी भी भाग मे दर्द पैदा करना.

चीस फौरन खींच के चली जाती है, जिस जगह पर खेंच के मँगाना और निकालना मंजूर होवे, फौरन जमीन फटके अन्दर ही अन्दर में जमीन के उस जगह पर पहुँचकर बाहर जमीन के निकल जाते हैं; जैसे आदमी के शरीर में बादी से चीस हो रही होवे और होते-२ बहुत जल्दी कमर में या पाँव में जाके होने लगे तो आदमी उससे बहुत तकलीफ और दुख पाता है, और इसी तरह से जमीनमाता भी उस रोग से बहुत भारी दुख पाती है और जो किसी चीज को हौले-२ खेंचना चाहें और निकालना चाहें तो जमीन माता को बादी के सोजन का रोग करा देते हैं तो वोह चीज हौले-२ सरक के जिस जगह खेंचना चाहें, खेंच के बाहर निकाल देते हैं, जैसे आदमी के बदन में, बादी की सोजन सरकती हैं, कभी हाथ में, कभी गर्दन में और कभी गर्दन से कमर में और कमर से, पाँव में, तो उससे भी आदमी को दर्द होता है; इसी तरह से जमीनमाता के शरीर में भी बादी की

होले होले = धीरे -धीरे, सोजन = सूजन की पीडा

सोजन से दर्द होता है और ऐसी-२ अनेक तरह की बीमारियों से जमीनमाता दुबली होगई हैं इससे जमीन माता की चरबी याने खानें सोने और चाँदी की गल गई हैं और जब देवी-देवताको जमीन फाड़के निकाल देते हैं जब उनके देखने के वास्ते कुल खलकत जाती है और बहुत खुश होते हैं और हाथ जोड़ते हैं और तरह-तरहकी दुआयें माँगते हैं, सो यह सबब बनियों केराक्षसी पापका है कि जिसका नाम इन्होंने कलुकाल रखा है जिससे सब संसार को ऐसा ही सूझता है कि जो दुनिया भरोसा करने को लग जाती है और यह नहीं समझती है कि यह बनियों के घर का जादू है कि जो देवी-देवता इस कदर दूर पे आके निकले हैं और नहीं समझते कि पत्थर की पुतली किस तरह से चल सकती है! सो दुनिया तो इनके जाल में भूली हुई है जिससे कुछ पहचान जादू वगैरह की नहीं हो सकती है कि इन बनियों ने जादू के जोर से तमाम जहान के लोगों की अकल कैद कर दी है जो समझाये से नहीं समझते हैं और जिस तरह से कि जमीन को

फाड़ के पोली कर देते हैं और खजानों को खेंच लेते हैं, जब तमाम जहान के लोग यह जानते हैं कि धन सरक गया है; सो जिस तरह से कि यह बनिये खजानों को खेंच लेते हैं उसी तरह से मंदिरों की पुतलियों को भी जादू के जोर से जिस कदर दूर पे जमीन फाड़ के बाहर निकाल देते हैं. अगरचे इनको यह बात मंजूर होवे कि फलाने मंदिर की पुतली को फलानी जगह पर निकाले तो वहीं जाके निकाल लेवेंगे, सो यह बात इस तरह से है कि जो यह बनिये, जिस मंदिर की पुतली के नाम से पाप कराते हैं तो उसी मंदिर की पुतली को बाहर निकाल देते हैं और लोगों के समझाने के लिए पहले ऐसा सुझा देते हैं कि देवी के मंदिर की पुतली हजार कोस पे जाकर निकली है और देवी बड़े परचेवाली हैं और यह परमेश्वर की कुदरत है जिसको सब संसार और राजा बादशाह वगैरह बड़ी खुशी के साथ देखने के वास्ते जाते हैं

और 'दंडोवत' करते हैं. सो यह पुतलियों का निकालना और जमीन का फटना और काल वगैरा का पड़ना और बीमारियों का और खजानों वगैरा का खेंचना और अकल वगैरा का फिरना और बारिस का ना होना और कम उमर में मरना, जादू से हो रहा है; और यह जादू इन्द्रजाली रावण की तरह से इन बनियों ने बलराजा के बाद से चला रखा है कि जहाँ जमीन वगैरह फट जाती है और कहीं की पुतली कहीं पे जाके बाहर निकलती है, सो यह बातें तमाम जहान में मशहूर हैं परन्तु अकल ऐसी खराब कर दी है कि इस बात को पहचानते ही नहीं हैं और परचों के भरोसे तमाम लोग भूले हुए और बहके हुए हो रहे हैं. सो भाई मेरे हो! कि जिस कदर यह परचे हो रहे हैं यह सब बनियों के चलाए हुए हैं, इसी तरह से पहले रावण ने भी दुनिया के भुलाने के लिए परचे चलाये थे; चुनांचे बाद मरने रावण वगैरा के इन बनियों ने भी दुनिया को भुलाने के और बुद्धि कैद करके तरह-२ के परचे

दंडोवत = नमन करना

दिखला दिये हैं, देखो भाई जब कि अपने बदन में किसी तरह की तकलीफ हो जाती है और हड्डी वगैरा टूट जाती है तो फिर किस तरह का दर्द होता है कि जो खाना-पीना भी भूल जाते हैं और यह बनिये जादू के जोर से जमीन को फाड़ देते हैं और तरह-२ के रोग जमीन के नाम से जमीन को करा रहे हैं और किसी को अपने राक्षसी पाप करने की मालूम नहीं होने देते हैं, इससे मैं संसार के लोगों को इन बनियों के जाल से वाकिफ करता हूँ कि जिस तरह से तुम्हारे बदन में दरद होता है इसी तरह से जमीनमाता के बदन में भी दर्द होता है जिसके हाल से संसार के लोग बिलकुल बेखबर हैं कि यह सौदागर महाजनान जमीनमाता के नाम का पाप कराते हैं इससे जमीन को तकलीफ दे रहे हैं और सब संसार की अकल को अपने राक्षसी पाप से खराब करके ऐसे-२ परचे दिखला रहे हैं कि जिससे दुनियाँ यह नहीं समझती है कि रावण के मुवाफिक इन बनियों के घर का राक्षसी पाप चल रहा है

बल्कि संसार के लोग तो परचों के भरोसे भूले हुए हैं, और इधर-उधर गोते खाते फिरते हैं और यह समझते हैं कि परचा कोई निहायत ही उमदा चीज है; परन्तु भाई मेरे हो! जिस परचों को तुम अच्छा समझते हो सो यह अच्छा नहीं है, यह तो निहायत ही खराब जादू है! क्योंकि रावण के मुवाफिक इन सौदागर महाजनान ने राक्षसी पाप बलराजा के बाद से चलाया है और संसार को और राजा बादशाह और फकीर-फुकरा को करामाती संसार में सुझाते हैं जिससे संसार के लोग साधु-फकीरों के पीछे दौड़ते फिरतेहैं और हाथ जोड़ के उन फकीरों की खुशामद करते हैं, कि जो फकीर अपने मुँह से किसी शख्स को यह कह दें कि जा बच्चा तेरा लड़का, जो बीमार है वोह अच्छा हो जावेगा, कि तू देवी के ऊपर या फलाने पीर के ऊपर, चार-पाँच या कम ज्यादा बकरा या पाड़ा वगैरा हमारे कहने के मुवाफिक अभी जाकर चढ़ा देना, चुनाचे उसने फकीर के

कहने पर यकीन लाके और फकीर के कहने मोजिब उसी कदर बकरे वगैरह लाके चढा दिये कि जिस कदर फकीर ने बताये थे. जो बीमार अच्छा हो गया जब तो फकीर को करामाती और सिद्ध, तमाम जहान के लोग जाहिर करने को लग जाते हैं और कहने को लग जाते हैं कि फलाना फकीर बड़ा करामाती है और जो अच्छा नहीं हुआ तो, संसार के लोग यह कहने को लग जाते हैं कि उसकी 'कजा' आ गई थी. सो भाई मेरे हो, यह तुम्हारी बुद्धि का जोहर है कि जो तुम लोग क्रिशमों के भरोसे देवतओं के ऊपर जीव देते हो और हाड़ डालते हो और परचों के भरोसे भूले हुए हो, परन्तु यह परचा कोई चीज नहीं है और ना फकीरों, अतीतों के कहने से कुछ होता है; हाँ, ऐसा अलबत्ता है कि जो फकीर हैं और परमेश्वर की भक्ति करता है तो उसके जीव का भला होता है, दूसरे का भला सिवाय परमेश्वर के नहीं कर सकता है. सो ईश्वर तो सबका ही भला चाहता है वो तो किसी के वास्ते बुरा नहीं चाहता है, यह तो सोदागरान ने

कजा = मृत्यु का आखिरी समय, अतीतों = बहुत अनुभवी बुजर्ग

रावण की तरह से राक्षसी पाप चलाया है और तमाम जहान की अकल राक्षसी पाप से खराब करदी है जिससे परमेश्वर को तो कोई भी याद नहीं करता है, जिससे परमेश्वर को सब भूल गये हैं और बनियों के जाल की सब माला फेर रहे हैं कि जैसे रावण के वक्त में तमाम जहान के लोग रावण के जाल की माला फेरते थे, उसी तरह से अब इन सौदागर के राक्षसी पाप की माला फेर रहे हैं और इन बनियों ने सैकड़ों किसम के जाल के रोग तो जाहिर कर दिये हैं जिससे जमीनमाता दिन-२ दुबली होती जाती है, क्योंकि फी जमाने में चाँदी-सोने की खानें बोलते थे वोह बीमारी के सबब से गल गई हैं, परन्तु यह चाँदी-सोने की खाने हैं जमीन माता के शरीर की चरबी है, लेकिन यह बात काबिल ख्याल करनेके है कि जब शरीर में चरबी नहीं होगी तो शरीर की ताकत कहाँ से रहेगी? बल्की उनकी तो ताकत के अलावा हड्डी भी गल जावेगी, चुनांचे अब जमीनमाता में ताकत नहीं रही है, क्योंकि इसके

शरीर की चरबी गल गई है इससे जमीन माता दुबली हो गई है और दुबली होने के सबब से जमीन के ऊपर कोई चीज अच्छी तरह से नहीं होती है. जिसकी खास वजह यह है कि इन बनियों ने राक्षसी पाप चला रखा है जिससे न तो मेह होता है और न जमीन माता सुख से स्वास लेती हैं जिसकी खबर अब तक तुम संसार के लोगों को बिलकुल नहीं है; अगरचे खबर होती तो अपनी-२ औलाद बचने के लिए बन्दोबस्त करते, क्योंकि रावण वगैरा के वक्त में शनिचर के कहने से बन्दोबस्त किया था जब पाप दफे हुआ था, फिर शनिचर की तरह से अब मैं भी बनियों के राक्षसी पाप से तुम सब संसार के बच्चे बचने के लिए तुम सबको वाकिफ करता हूँ जिसका बन्दोबस्त तमाम जहान के हिन्दू मुसलमान और अंग्रेज वगैरा अपनी-२ औलाद बचाने के लिए इस किताब (जगतहितकारनी) के 'मजमून' को पढ़कर के बंदोबस्त करो जब तुमको और तुम्हारी औलाद को

फी जमाने = पुराना युग, मजमून = सार

